10-OCT- ALL-Bhoomi pg-1-JACKET_page1.qxd 10/10/2026 9:33 PM Page 1

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

*शर्तें लागू

खबर संक्षेप

पेंट्रीकार संचालकों पर किया गया जुर्माना

बिलासपुर। रेल मंडल बिलासपुर के कामर्शियल विभाग की टीम ने जोनल स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के पेंट्रीकार में जांच करने के बाद जुर्माना किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे बोर्ड के आदेश पर डिवीजन के सभी स्टेशनों पर आने-जाने वाली ट्रेनों के कोच सहित मुख्य रूप से पेंट्रीकार की जांच की जा रही है। इसमें पेंट्रीकार की सफाई के अलावा कर्मचारियों को रेलवे के नियमानुसार रखने वाले दस्तावेज को भी चेक किया जा रहा है। पिछले दो तीन से लगातार इसकी जांच हो रही है। शनिवार को भी बिलासपुर से चलने और आने-जाने वाली ट्रेनों को चेक करने के बाद गंदगी, पुलिस वेरिफिकेशन, दस्तावेज की कमी होने के कारण संचालकों कें खिलाफ जुर्माना किया गया है।

जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग कोच

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु गाड़ी संख्या 12069/12070 रायगढ़-गोंदिया-रायगढ़ जन शताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस व्यवस्था के तहत गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 12070 गोंदिया–रायगढ़ जन शताब्दी एक्सप्रेस में 13 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक तथा रायगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 12069 रायगढ़–गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस में 14 अक्टूबर से 1 दिसम्बर तक एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी।





नवरात्रि की पूर्व संध्या पर लगा रहा जाम

बिलासपुर। शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या में शनिवार को शहर के सभी मुख्य मार्गो में जाम लगा रहा, दुर्गा माता की प्रतिमाओं का आगमन व अग्रसेन महराज की शोभायात्रा निकलने से शाम 6 बजे के बाद से गोलबाजार, तेलीपारा सहित शहर के सभी मार्गो में गाड़ी की लंबी कतारे लगी रही। वहीं कई मार्गों से माता का आगमन भी निकल रहा था, इस वजह से भी कई मार्ग जाम से फंसे रहे, लोगों को बड़ी मशक्कत कर गतंव्य तक पहुंचने में घंटो लग गए। यह स्थिति नवरात्रि के शुरू होने से पहले ही बन गई,जबकि रविवार से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है,नौ दिनों तक माता की पूजा और गरबा के धूम में शहर सराबोर रहेगा। जिससे शहर में हर दिन जाम का स्थिति रहेगी। यातायात विभाग द्वारा जरूर लोगों के निकलने के लिए डायवर्ट मार्गे की व्यवस्था की है,मगर सप्तमी आते तक यह मार्ग भी ट्रैफिक से जाम हो जाएगा।

ठेकेदार से होगी 27 लाख की वसूली, गड़बड़ी करने वाले निगम के दो अधिकारियों को बचा लिया गया

खेल परिसर में लगाई गई फ्लड लाइट में हुई गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट हरिभूमि के पास

जांच रिपोर्ट एक तरह से पूरे मामले में परदे डालने की तरह इसे सिर्फ एक त्रुटि बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेल परिसर में लगाई गई फ्लड लाइट में हुई गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट आ गई है। निगम की तीन सदस्यीय टीम ने ठेकेदार को जो 26,72,928 रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया था उसे अंतिम भुगतान से काटने की अनुशंसा की है। इसके साथ ही मौके पर लगी 500 वॉट लाईट की बाजार दर के अंतर की पूरी राशि 96 नग के हिसाब से फाईनल बिल से वसूली करने की बात भी कही है। हालांकि पूरी जांच रिपोर्ट में उन अधिकारियों को बचा लिया गया है जिन्होंने इस पूरी गड़बड़ी को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई। मामले में



500 वाट का बल्ब लगाकर एक हजार वाट का बिल निकाला

हरिभूमि में 3 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

सिर्फ उन दो अधिकारियों जोन क्रमांक 3 के तात्कालीन कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला और जोन क्रमांक 3 के ही सहायक अभियंता भिमेन्द्र गौतम को नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। जांच रिपोर्ट में इस बात का कहीं भी उल्लेख नहीं है कि आखिर यह टेंडर निगम मुख्यालय से नहीं होकर जोन क्रमांक 3 से क्यों किया गया। जांच रिपोर्ट एक तरह से पूरे मामले में परदे डालने की तरह है जिसमें सिर्फ इसे एक त्रुटि बता दिया गया है।

दरअसल बिलासपुर के खेल परिसर मैदान में अगस्त 2025 में ब्राह्मण प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। इस फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी किया। रायपुर, बिलासपुर और कोरबा की चार ठेका कंपनियों ने इसमें निविदा डाली। रायपुर की दीपक इलेक्ट्रिकल को यहां फ्लड लाइट लगाने का टेंडर एक करोड़ 50 लाख में प्राप्त हुआ। फ्लड लाइट के लिए मैदान के चारों ओर चार बड़े खंबे लगाए गए। प्रत्येक बड़े पोल में 50 बल्ब लगाए जाने थे। इस तरह कर चार बड़े पोल में 100 बल्ब लगाने की जिम्मेदारी दीपक इलेक्ट्रिकल ने उठाई। उसे डेढ़ करोड़ का काम दिया गया। दीपक इलेक्ट्रिकल की ओर से लेकिन 500 वाट का बल्ब लगाया गया और बिल बनाया गया 1000 वाट के बल्ब का।

तीन सदस्यीय जांच टीम पर भी सवाल

नगर निगम की ओर से इसमें किसी प्रकार की कोई जांच नहीं की गई और सवा करोड़ रुपए का भुगतान भी कर दिया गया। बाद में जब नगर निगम के एमआईसी मेंबर और बिजली विभाग के प्रभारी विजय ताम्रकार को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे से की। शिकायत में अधिक बिल भुगतान से लेकर ठेकेदार द्वारा की गई गड़बड़ियों का जिक्र था। आयुक्त ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई। इसमें प्रवीण शर्मा (जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक 7), निलेश पटेल (कार्यकारी अभियंता), रमन छाबड़ा (सहायक अभियंता) शामिल थे। जांच में शिकायत सही पाई गई और पाया गया कि बल्ब 500 वाट का हैं।

बल्ब को वाट नहीं बल्कि लक्स का पैमाना

इसके बाद नगर निगम के कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला और सब इंजीनियर भीमेंद्र गौतम को नोटिस जारी किया गया। नोटिस में दोनों अधिकारियों से पूछा गया कि फ्लड लाइट का दर इलेक्ट्रिकल शेडयूल आफ रेट्स (एसओआर) में उपलब्ध होने के बावजूद इसकी खरीदी नान एसओआर दर के आधार पर क्यों की गई। जांच रिपोर्ट में बल्ब को वाट के आधार पर नहीं बल्कि लक्स के आधार पर परिभाषित किया गया है। ध्यान रहे कि बल्ब या लाइट के संदर्भ में लक्स वह पैमाना है जो यह बताता है कि किसी खास सतह (जैसे टेबल, फर्श या दीवार) पर कितनी रोशनी गिर रही है। इससे तय होता कि रोशनी कितनी दूर तक फैलेगी। मुख्य रूप से 120 डिग्री तक इसे नापा जाता है। प्रति वर्गमीटर 1 ल्यूमेंस का मानक है। 1 वॉट में 100 ल्यूमेंस की रोशनी को पर्याप्त माना गया है।

गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद पूरे मामले की जानकारी ली गई। जांच टीम बनाई गई थी। उनकी क्या रिपोर्ट आई है इसे देखना होगा। ठेकेदार के साथ ही गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।

– पूजा विधानी, महापौर

खुल गया खुल गया बिलासपुर शहर का एकमात्र सस्ता बाजार खुल गया
महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि के शुभ अवसर पर शादियों के सामानों पर भारी छुट
महक इलैक्ट्रानिक एण्ड फर्नीचर
बैमा नगोई रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, नजदीक रामा ग्रिन सिटी फेस 2 गेट के पास खमतराई, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9691914123
एक्सचेंज ऑफर:- कोई भी पुराना टीवी, फ्रीज, एसी, वाशिंग मशीन, गैस चुल्हा, गीजर, मिक्सर ग्राईन्डर, सोफा, ऑलमारी, दिवा न, बैंड आदि अनेक इलैक्ट्रानिक्स व फर्नीचर समान लाइयें उचित मूल्य कटवाकर नया समान ले जाइयें।
फाईनेंस सुविधा :- केवल 2000/- डाउन पेमेंट देकर अलमीरा, टी.वी., सोफा-दीवान, वाशिंग मशीन, डायनिंग टेबल, फ्रीज घर ले जाएं। शेष राशि 0% ब्याज दर पर
एक्सचेंज सुविधा
आपको जानकर अति हर्ष होगा कि बैमा नगोई रोड खमतराई बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने महक इलैक्ट्रानिक्सएण्ड फर्नीचर में महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि के अवसर पर इलैक्ट्रानिक्स व फर्नीचर सामानो में भारी डिस्काउंट में विभिन्न ऑफरों के साथ विशाल सेल लगाई गई है।
फाइनेंस सुविधा
बिलासपुर शहर का एक मात्र सस्ता बाजार महक इलैक्ट्रानिक्स एण्ड फर्नीचर में महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य में
मात्र 41,999/- में शादी का पूरा सामान इससे अच्छा, इससे सस्ता कहीं नहीं
दीवान 6x6 MRP-21,000/- 50% डिस्काउंट 10,500/-
डायनिंग टेबल (मार्बल टॉप) MRP-37,000/- 50% डिस्काउंट 18,500/-
डायनिंग टेबल (ग्लास टॉप) MRP-30,000/- 50% डिस्काउंट 15,000/-
लक्जरी सोफा MRP-50,000/- 50% डिस्काउंट 25,000/-
सोफा 5 सीटर MRP-13,000/- 50% डिस्काउंट 6,500/-
ड्रेसिंग टेबल MRP-9,000/- 50% डिस्काउंट 4,500/-
एल.ई.डी. 32 इंच MRP-15,000/- 50% डिस्काउंट 7,500/-
एल.ई.डी. 43 इंच MRP-27,000/- 50% डिस्काउंट 13,500/-
एल.ई.डी. 50 इंच MRP-49,000/- 50% डिस्काउंट 24,500/-
ए.सी. 1.5 Ton MRP-30,999/-
फ्रीज डबल डोर MRP-21,900/-
फ्रीज MRP -10,500/-
कूलर 150 लीटर MRP-20,000/- 50% डिस्काउंट 10,000/-
कूलर MRP-11,000/- 50% डिस्काउंट 5500/-
अलमीरा ट्रीपल डोर MRP-17,000/- 50% डिस्काउंट 8,999/-
अलमीरा डबल डोर MRP-11,000/- 50% डिस्काउंट 5,500/-
वाशिंग मशीन MRP-16,000/- 50% डिस्काउंट 8,000/-
दीवान 6x4 MRP-13,000/- 50% डिस्काउंट 6,500/-
सिल्वर पैक (41,999/-)
1. फ्रीज 180 लीटर
2. Led TV 21 इंच
3. अलमारी 78 इंच फुल साईज
4. कुलर फुल साइज
5. ड्रेसिंग टेबल
6. सिलाई मशीन स्टैण्ड के साथ
7. पलंग 6X4
8. रुई, गद्दा 6X4
9. तकिया 2 पीस
10. गैस चुल्हा
11. मिक्सर ग्राइंडर
मात्र 10,000/- एडवांस देकर इसी रेट पर बुकिंग करवायें
गोल्ड पैक (62,999/-)
1. दीवान 6X4
2. फ्रीज 190 लीटर
3. सोफा लक्जरी फाइव सीटर
4. क्राउन Led TV 32 इंच
5. अलमारी 78 इंच फुल साइज
6. कुलर क्राउन फुल साइज
7. ड्रेसिंग टेबल 6X2
8. सिलाई मशीन एण्ड स्टैण्ड
9. गद्दा डनलप 6X4,
10. तकिया-2 पीस, 11. गैस चुल्हा
12. शादी सामान के लिए पेटा 4X2
13. आयरन, 14 मिल्टन मिक्सर ग्राइंडर
डायमंड पैक (91,999/-)
1. दीवान 6X6, 2. फ्रीज 190 लीटर
3. अलमारी अम्बर 78 इंच हैवी
4. Led tv 32 इंच एंड्राइड
5. कुलर अम्बर सुहाना, 6. ड्रेसिंग टेबल 2.5X6
7. सोफा लक्जरी फुल साइज
8. गैस चुल्हा, 9. सिलाई मशीन उषा एण्ड स्टैण्ड
10. मिल्टन मिक्सर ग्राइंडर
11. गद्दा डॉ. आर्थो 4 इंचए 12. तकिया 2 पीस,
3. डाइनिंग टेबल फोर सीटर
14. शादी सामान पेटा 4X2
15. स्टील बर्तन सेट 51 नग
प्लैटिनम पैक (1,35,999/-)
1. दीवान सागॉन डीजाईन 6X6
2. फ्रीज 190 लीटर फ्लोवर प्रिंट
3. सोफा लक्ज़री नीलकमल
4. ट्रिपल डोर अलमारी, 5. कुलर सिम्फनी जुम्बो 45
6. ड्रेसिंग टेबल 6X3 फुल साइज
7. पूजा सिलाई मशीन एण्ड स्टैण्ड
8. मिल्टन मिक्सर ग्राइंडर
9. स्लीपफ्रेश गद्दा 5 इंच (3 साल वारंटी)
10. Led TV 40 इंच, 11. स्टील बर्तन सेट 51 नग
12. स्टील हेवीगैस चुल्हा थ्री बर्नर
13. सागोन डाइनिंग टेबल ग्लास टाप सिक्स सीटर लक्जरी
14. ओरिएण्ट आयरन, 15. वाटर हिटर
16. शादी सामान के लिए हेवी पेटा 6X3
नोट:- 01. दूषित पानी की समस्या से निजात पाने के लिये आरो (इलेक्ट्रिक के द्वारा चलने वाली पानी फिल्टर) आलान से आसान किस्तों में बिना ब्याज के दिया जा रहा है। 02. हमारे यहां विवाह के अवसर पर सभी सामानों में विशेष डिस्काउंट के साथ बजाज फाईनेंस, आईडीएफसी बैंक का फाईनेंस सुविधा आसान से आसान किस्तों में उपलब्ध है। 03. एकांऊट / बिलिंग / सेल्स कार्य हेतु ऑफिस सहायिका की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

बिलो रेट के कार्य में भी गुणवत्ता में रखने निर्देश, कमी पाए जाने पर ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्ट
ठेकेदारों ने इधर गिना दी अपनी समस्याएं, बिलिंग में देरी, फंड की लेटलतीफी बताई





हाईकोर्ट ने लगाई फटकार तब आई शहर की बदहाल सड़कों की याद, मरम्मत होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की फटकार के बाद सड़कों की मरम्मत पर निगम का ध्यान आया है। नगर निगम के दृष्टी सभाकक्ष में निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सभी इंजीनियरों और ठेकेदारों की बैठक लेकर सड़कों की मरम्मत जल्द शुरू करने कहा है। बैठक में निगम कमिश्नर ने कहा कि बारिश का सीजन अब समाप्ति की ओर है, युद्धस्तर पर काम में जुट जाएं और गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अत्यंत बिलो रेट के कार्य में गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए और अगर कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में निगम कमिश्नर ने सभी जोन क्षेत्रांतर्गत एक एक कार्यों की बिंदुवार समीक्षा भी किया। सभी निर्माणाधीन साइट में सुरक्षा के ध्यान रखने के भी निर्देश ठेकेदारों को दिए गए। बैठक में ठेकेदारों ने भी समस्याओं की ओर इंगित करते हुए


निगम कमिश्नर पेश हों, दुर्गा पूजा से पहले खराब सड़कों का पेच वर्क पूरा करें: हाईकोर्ट

हरिभूमि में 8 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

अपनी मांग रखी। ठेकेदारों ने बिलिंग में देरी, गैर तकनीकी व्यक्ति द्वारा कार्य में हस्तक्षेप और फंड की लेटलतीफी संबंधी समस्याएं बताया। इसके बाद निगम कमिश्नर ने बिलिंग के लिए टाइमलाइन बनाने और फंडिंग की समस्या को जल्द दूर करने का आश्वासन ठेकेदारों को दिए। इसके अलावा ठेकेदारों द्वारा अनावश्यक जटिल दस्तावेजों के सरलीकरण करने की भी मांग की,जिस पर निगम कमिश्नर ने विश्लेषण करने का आश्वासन दिया है। बैठक में ठेकेदारों ने भुगतान प्रक्रिया के चैनल का पुनर्निर्धारण और समय सीमा निर्धारित करने की भी मांग निगम कमिश्नर से किया।

नवरात्रि कल से, पेंच वर्क शुरू नहीं

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने नवरात्रि से पहले सड़कों का पेंच वर्क पूरा करने और उसके बाद शहर की सभी सड़कों को फिर से बनाने कहा है। इधर निगम क्षेत्र की ही 70 प्रतिशत सड़कें गड्ढों में बदल चुकी हैं। निगम के सर्वे में भी 40 से अधिक सड़कों में गड्ढे और जर्जर होने की बात सामने आई है। इसमें राजेंद्र नगर चौक से लिंक रोड, सिविल लाइन से सिम्स चौक, आईजी ऑफिस से जल संसाधन होते हुए वेयर हाउस रोड, नेहरू नगर, नूतन कॉलोनी और जल संसाधन कॉलोनी की ओर जाने वाली कुद्धदंड रोड शामिल हैं। इसके अलावा मंगला से दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड जाने वाली सड़क तो चलने के लायक नहीं बची है।

यहां की सड़कें भी खराब

इसी तरह घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी सड़कों की हालत खराब है। मसानगंज, जवाली नाला पर बनी रोड बृहस्पति बाजार, मिशन अस्पताल से जवाली नाला पुल तक, मध्यनगरीय चौक, तालापारा, मगरपारा, सरकंडा, बंगालीपारा, मेलापारा, जूनी लाइन, मारवाड़ी लाइन, गोंड़पारा से शनिचरी, चांटीडीह, कतियापारा और जूना बिलासपुर के अंदर की सड़कें भी मरम्मत की बाट जोह रही हैं। इसके अलावा तालापारा, मगरपारा से सीधे व्यापार विहार को जोड़ने वाली मरीमाई रोड की हालत भी खराब है।





हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कला

रंगोली में दिखी आत्म निर्भर भारत की झलक



बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत न्यायधानी बिलासपुर में एक विशाल रंगोली बनाई गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख कार्यों को दिखाया गया। स्थानीय बहतराई स्थित इनडोर स्टेडियम में सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास,आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाने वाली इस 76x76 फीट आकार की रंगोली में डिजिटलाइजेशन को विशेष रूप से दिखाया गया, इसमे कैश लेस्स भारत,डिजिटल पेमेंट, ई गवर्नेंस, स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया,और ई शिक्षा जैसे विषय शामिल थे। इस वृहद एवं अद्भुत रंगोली का निर्माण करने में साइंस कॉलेज, नवीन कन्या महाविद्यालय, सरकंडा शा कन्या विद्यालय, पीएनएस महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं एनएसएस के वालंटियर्स ने विशेष रूप से हिस्सा लिया।

आयोजन

सीजीआईटी के विद्यार्थियों ने किया सिपेट का औद्योगिक भ्रमण



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान के यांत्रिकी विभाग के बीटेक एवं एमटेक पाठ्यक्रम के 80 छात्र-छात्राओं ने शनिवार को सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का औद्योगिक भ्रमण किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्लास्टिक प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों तथा औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंजेक्शन मोल्डिंग, प्लास्टिक एक्सट्रूज़न, ब्लो मोल्डिंग, वैक्यूम फॉर्मिंग तथा प्लास्टिक ग्रैनुलेटर जैसी मशीनों की कार्यप्रणाली को समझा। इन मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थियों को अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का अवसर मिला। इस औद्योगिक भ्रमण में यांत्रिकी विभाग के प्राध्यापक प्रो तन्मय श्रीवास्तव एवं प्रो ऋषि शुक्ला विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

धर्म-क्षेत्र

पितृ अमावस्या पर पितरों को दी गई विदाई

बिलासपुर। पितृ अमावस्या पर शनिवार को पितरों को श्रद्धा के साथ विदाई दी गई। बड़ा, बोबरा, पुड़ी का होम देकर उनसे आशीर्वाद लिया गया। अनंत चतुर्दशी के बाद पितृ पक्ष आरंभ हो जाता है। लोग हर दिन पानी देकर अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं। पितृ अमावस्या पर पानी देकर अपने पितरों को बिदाई देकर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। माना जाता है कि पितरों के खुश रहने से उनका आशीर्वाद मिलता है। इससे घर में समृद्धि आती है। इसी क्रम में श्री सूर्या पुष्पा फाउंडेशन ने कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में फल, जलेबी, लीची जूस वितरित कर वहां के बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर एसपी शुक्ला, पुष्पा शुक्ला, गीता मिश्रा, गौरव शुक्ला, टिकेश्वर साव, अभय दुबे, आमना राजगीर, संगीता तिवारी, रंजन प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

पितृ विदाई पर विशेष सेवा कार्यक्रम

श्री सूर्या पुष्पा फाउंडेशन द्वारा पितृ विदाई अमावस्या के पावन अवसर पर विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की ओर से शनिवार को कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों के बीच फल और लीची जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों को ताजे फल और ठंडा लीची जूस प्रदान कर सेवा, स्नेह और सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्वक और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। सेवा कार्य में उपस्थित एसपी शुक्ला, पुष्पा शुक्ला, गीता मिश्रा, गौरव शुक्ला,टिकेश्वर शाव, अभय दुबे, आमना राजगीर, संगीता तिवारी, रंजन प्रधान एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

अग्रसेन जयंती पर झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर शनिवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, भक्ति संगीत, छत्तीसगढ़ी कर्मा नृत्य और आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय और उत्सवी माहौल में रंग दिया। मार्ग को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया था। शोभायात्रा में सबसे आगे करीब 10 फीट ऊंचे रथ पर महाराजा अग्रसेन की आदमकद प्रतिमा विराजमान रही।







बिलासपुर। विभिन्न झांकियों के माध्यम से सामाजिक समरसता, समाजसेवा, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग-व्यापार और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली विभूतियों की गौरवगाथा प्रस्तुत की गई।

अनिल अग्रवाल ने बताया कि घोंघा बाबा मंदिर से तीन किलोमीटर से अधिक लंबी शोभायात्रा मनोकामना लॉज, गोल बाजार चौक, तेलीपारा और पुराना बस स्टैंड चौक होते हुए अग्रसेन चौक पहुंची। शोभायात्रा के स्वागत के लिए रास्ते में जगह-जगह व्यवस्थाएं की गई थीं। व्यावसायिक संस्थानों और समाज के प्रमुख लोगों ने महाराजा अग्रसेन का पूजन किया तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की। शोभायात्रा के दौरान भक्ति संगीत और कर्मा नृत्य की प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

दिखी सेवा व सामाजिक समरसता की झलक

शोभायात्रा की झांकियों में महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और समाज के सेवा कार्यों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। 'एक ईंट-एक मुद्रा' की परंपरा के माध्यम से सामाजिक समरसता और परस्पर सहयोग का संदेश दिया गया। वहीं, स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों तथा शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग-व्यापार और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली विभूतियों की झांकियों के जरिए उनके कार्यों को याद किया गया।

नेपाल और केरल में बाढ़ के दौरान किए गए राहत एवं सेवा कार्यों को भी झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया। इन झांकियों ने आपदा के समय जरूरतमंदों की सहायता करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने और समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।



महाराजा अग्रसेन ने दिया समरसता का संदेश

महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज के इतिहास, परंपराओं और सामाजिक योगदान को याद किया गया। महाराजा अग्रसेन को समाज में सेवा, समानता, सहयोग और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने वाले महापुरुष के रूप में स्मरण किया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र 'राजू' अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अग्रवाल समाज के पितामह महाराजा अग्रसेन का जीवन त्याग, तपस्या, पराक्रम और लोक कल्याण की भावना से प्रेरित था। उन्होंने अपने शासनकाल में यज्ञ और तपस्या के माध्यम से समाज को समृद्धि तथा सद्भाव का संदेश दिया। अग्रवाल समाज में आज भी मंदिर, गौशाला, विवाह भवन, कुंआ, बावड़ी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों में दान देने की परंपरा प्रचलित है।

आकर्षक रोशनी से जगमगाया अग्रसेन मार्ग

शोभायात्रा के स्वागत के लिए पुराना बस स्टैंड चौक से अग्रसेन चौक तक विशेष विद्युत सजावट की गई थी। रोशनी से जगमगाते मार्ग और भव्य रथ ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। रास्ते में श्रद्धालुओं की मौजूदगी और भक्ति गीतों की गूंज से माहौल उत्सवमय बना रहा। अग्रसेन चौक पहुंचने पर 11 विशिष्ट पंडितों की मौजूदगी में वैदिक मंगलाचरण और महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने विधि-विधान से महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सामाजिक सेवा की भावना के साथ शहर में 15 अलग-अलग स्थानों पर सर्वसमाज के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से शाम तक चले इन भंडारों में लोगों को भोजन कराया गया। राजीव प्लाजा, रामा वर्ल्ड, सीएमडी चौक स्थित लायंस क्लब भवन, गायत्री मंदिर, इंदू चौक, अग्रवाल खाद भंडार रोड तोरवा, जेपी रेसिडेंसी के सामने तोरवा, मानव सेवा मंगला चौक, मुंगेली नाका चौक, रामा लाइफ सिटी सकरी और अग्रसेन चौक सहित विभिन्न स्थानों पर सेवा की व्यवस्था की गई।



प्रथम दिवस माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ होगा महोत्सव का शुभारंभ

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव 11 से 19 अक्टूबर तक श्रद्धा एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ रविवार को ध्वजारोहण, ज्वारारोपण एवं श्री मनोकामना अखंड घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर मंदिर में 108 मनोकामना घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। कलश प्रज्ज्वलन अभिजीत मुहूर्त प्रातः 11:36 से दोपहर 12:36 बजे तक रहेगा। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार शैलपुत्री देवी के रूप मे किया जाएगा। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, भगवान श्रीरामचंद्र,गणेश ,भैरव जी एवं हनुमान के दर्शन कर सकेंगे। नौ दिनों तक माँ बगलामुखी देवी का विशेष पूजन एवं श्रृंगार होगा। प्रतिदिन शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त एवं षोडश मंत्रों द्वारा दूधधारा सहित अभिषेक तथा भगवान श्रीरामचंद्र जी एवं श्री सिद्धिविनायक गणेश का पूजन-श्रृंगार किया जाएगा।

सरजू बगीचा में 9 दिन होगा दुर्गा शप्तशती पाठ



श्री दुर्गा सप्तशती की साधना नवरात्रि के पूरे 9 दिन श्री साईं कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड, मैडिटेशन हॉल में शाम साढ़े 4 बजे आयोजित की जाएगी। यह साधना पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें कोई भी भाग ले सकता है। हाल पूर्णतः वातानुकुलित, पार्किंग, पेय जल, वाशरूम सहित सभी प्रकार की सुविधा से युक्त है। यह साधना बिलासपुर में 15 सालों से लगातार हो रही है। शंकर भगवान स्वयं कहते हैं कि सप्तशती पाठ से जो पुण्य प्राप्त होता है, उसकी कभी समाप्ति नहीं होती है। आयोजक पुनीत ढंढारिया ने भगवान शिव-मां भगवती संवाद पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कलयुग में समस्त कामनाओं की सिद्धि के लिए जो साधन है वह दुर्गा सप्तशती है। इस साधना का कोई भी विधि-विधान नहीं है। सिर्फ 1 घंटे 30 मिनट में साधना हो जाती है। नवरात्री में इस साधना का विशेष महत्व है। गृह, पितृ, वास्तु दोष, रोग, दुःख शरीर कष्ट सभी दूर होते हैं। यदि साधक पूरे 9 दिन साधना करता है तो मन की इच्छाएं भी पूर्ण होती है। ऐसे बहुत से साधक लगातार आ रहे हैं जिनके जीवन में अथाह परिवर्तन आया है और उन पर मां की कृपा हुई है। इन बीज मंत्रों की साधना उच्च स्वर में की जाती है। मंत्रोच्चारण द्वारा वाचिक तप होता है। सेवा साधक ने बताया कि जो लोग निरंतर पाठ से जुड़े हुए हैं उन पर मां की कृपा होती है। अभावों से मुक्ति मिलती है और जीवन में प्रचुरता का अनुभव होता है।

तिलकनगर में गरबा महोत्सव के लिए महिलाएं कर रहीं रिहर्सल

सर्व यादव समाज नगर, जिला महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 14, 15 अक्टूबर को सामुदायिक भवन तिलकनगर में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर सहित रायपुर से आए कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। समाज की महिलाएं, पुरूष व बच्चे पारंपरिक वेश में इन कलाकारों के साथ थिरकेंगे। अंजनी यादव द्वारा गरबा की प्रतिदिन रिहर्सल कराई जा रही है।



यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु समाज ने बताया कि समाज की महिलाओं की आग्रह पर यह आयोजन पहली बार कराया जा रहा है। इसे भव्य बनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। हमारा प्रयास है कि समाज की महिलाओं को भी एक मंच मिले। जिसमें उन्हें अपनी कला प्रतिभा का दिखाने का अवसर मिले। इस आयोजन में समाज की महिलाएं, बच्चे अलग से सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगी। कपल में भी गरबा का आनंद लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सिर्फ यादव समाज के लिए होगा। इसमें बेस्ट डांस, बेस्ट गरबा क्वीन, बेस्ट महिला, पुरूष डांसर, बेस्ट जोड़ी, बेस्ट सीनियर जोड़ी का इनाम दिया जाएगा। दोनों दिन रात्रि 7 से 11 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह उपस्थित रहेंगे। पहली बार हो रहे इस आयोजन को लेकर समाज की महिलाओं में काफी उत्साह है। कार्यक्रम में गीता यादव, सीमा, पुष्पा यादव सहित पूरे समाज के युवा, पुरूष, महिलाएं जुटी हैं।

राम दरबार उत्सव मंडली का डांडिया रास महोत्सव आज से

राम दरबार उत्सव मंडली की ओर से 11 से 19 अक्टूबर तक विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अयोध्या नगर रिंग रोड नंबर-2 महादेव हॉस्पिटल के पास स्थित मां आदिशक्ति भवन में होगा।

कार्यक्रम के दौरान डांडिया रास महोत्सव, भव्य जागरण, फैंसी ड्रेस, थाली सजावट, रंगोली, मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं सहित कई धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। आयोजन की शुरुआत 11, 12 एवं 13 अक्टूबर को डांडिया रास महोत्सव से होगी। इसके बाद 14 अक्टूबर को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रस्तुति राम परिहार देंगे। 15 अक्टूबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित होगी। 16 अक्टूबर को थाली सजावट, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताएं होगी। 17 अक्टूबर को ड्राइंग प्रतियोगिता रखी जाएगी। 18 अक्टूबर को नव कन्याओं की आरती के साथ विभिन्न गेम्स एवं हाउजी खेली जाएगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन 19 अक्टूबर को कन्या भोज, महाप्रसाद एवं पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन किया

रेलवे महाराष्ट्र मंडल में शारदोत्सव आज से

रेलवे महाराष्ट्र मंडल की पारिवारिक संस्था भगिनी मंडल रामदास नगर का 4 दिवसीय शारदोत्सव 11 से 14 अक्टूबर को मनाया जाएगा। आयोजन का यह 52 वां वर्ष है। उत्सव के पहले दिन 11 अक्टूबर को लखीराम ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे वसंत केशव वेलफेयर संस्था नागपुर द्वारा रंग-तरंग धमाल विनोदी २ अंकी नाटक का मंचन किया जाएगा। लेखन, दिग्दर्शन डॉ अनिकेत मुनशी, पार्श्व संगीत तन्वी दुबे का रहेगा। कलाकार लीना काले, सुयोग चिंचोलकर, आणि, डॉ अनिकेत मुंशी होंगे। यह जानकारी भगिनी मंडल की अध्यक्षा शुभांगी मोने ने दी।

स्पोर्ट्स न्यूज

- राज्य स्तरीय खेल में बिलासपुर ने लहराया जीत का परचम, 57 अंकों के साथ बना ओवरऑल चैंपियन

जो खेलता है, वह खिलता है, खेल के मैदान में कोई हारता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर ने रायपुर को एक अंक से पछाड़ा

प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। बिलासपुर संभाग ने 57 अंक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। रायपुर संभाग 56 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बस्तर संभाग को 39, दुर्ग को 31 और सरगुजा संभाग को 8 अंक प्राप्त हुए। हॉकी के 19 वर्ष आयु वर्ग में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी के 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर संभाग विजेता रहा, जबकि तीरंदाजी में बस्तर संभाग के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में स्व.बीआर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर संभाग ने 57 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रायपुर संभाग महज एक अंक के अंतर से उपविजेता रहा।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो खेलता है, वह खिलता है। खेल के मैदान में कोई हारता नहीं, बल्कि खिलाड़ी या तो जीतता है या कुछ नया सीखता है। खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। एक समय कहा जाता था कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन आज खेल भी सफलता और उज्ज्वल भविष्य का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। कर्म करते रहना और फल की चिंता नहीं करना ही जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र है। खेल का मैदान भी कर्मयोग की पाठशाला है, जहां खिलाड़ी परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयास का महत्व सीखते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक विकास अत्यंत आवश्यक है। खेल बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, खेल प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री की खेलो इंडिया पहल से देश की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान और आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। आज छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। एशियाई खेलों में देश की बेटियों सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का मान बढ़ाया है। राज्य सरकार खेल सुविधाओं के विस्तार और प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, अतिरिक्त कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय, जिला मिशन समन्वयक ओमप्रकाश पाण्डेय, सहायक संचालक वर्षा शर्मा, बसंत प्रताप सिंह, जीडी गर्ग, एडीपीओ आनंद पाण्डेय, जिला खेल अधिकारी डॉ.सुरेश शुक्ला, डॉ.धनीराम यादव, एपीसी श्रीमती आरती राय, डॉ.अखिलेश तिवारी, रितेश सिंह, सुभाष त्रिपाठी, विनय मौर्य, प्रदीप पाण्डेय, जय कौशिक, योगेश पाण्डेय, जयप्रकाश मानिकपुरी, अजय त्रिपाठी, महिला प्रतिनिधि लीना शर्मा एवं सुयश दुबे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रशिक्षक, निर्णायक, शिक्षक और पांचों संभागों के खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा एवं भारती दुबे ने किया।

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

आजीवन कारावास की सजा काट रही महिला सहित 21 कैदी 14 साल बाद जेल से रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



राज्य शासन से सजा माफी मिलने पर आजीवन कारावास की सजा काट रही महिला सहित 21 कैदियों को 14 साल से अधिक सजा काटने के बाद एक साथ केंद्रीय जेल से रिहा किया गया है।

विभिन्न मामलों में केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अधिकांश कैदी बुजुर्ग हो गए थे। पिछले दिनों जेल डीजी हिमांशु गुप्ता केंद्रीय जेल का निरीक्षण में आए थे। श्री गुप्ता से बुजुर्ग कैदियों ने मुलाकात कर सजा माफी की गुहार लगाई थी। श्री गुप्ता के द्वारा बुजुर्ग कैदियों की सजा माफी के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। जेल में रहने के दौरान अच्छा चाल चलन पाए जाने व 14 साल से अधिक सजा काट लेने पर राज्य शासन ने एक महिला सहित 21 कैदियों की सजा माफ करते हुए जेल से रिहा करने का आदेश दिया। शुक्रवार को एक महिला सहित 21 बुजुर्ग कैदियों को जेल से रिहा किया गया है। जेल से बाहर निकलने पर सभी के परिजन ने फूलमाला पहनाकर इनका स्वागत किया और अपने साथ घर ले जाने रवाना हो गए।

सजा माफी मिलने पर रिहाई

14 साल से अधिक सजा काट चुके एक महिला सहित 21 कैदियों को राज्य शासन से सजा माफी मिलने पर रिहा किया गया है।

– खोमेश मंडावी
जेल अधीक्षक

खबर संक्षेप

धूप ने निकाला पसीना गर्मी से राहत नहीं

बिलासपुर। मानसून के लौटते ही सूरज अपनी क्षमता के साथ दिन में दस्तक दे रहा है, यही कारण है कि उसकी चमक के कारण पारा चढ़ने लगा है। शहर में 33.4 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। आसमान पूरी तरह से साफ हो चुका है। इस दौरान बादल गायब है, जिसके चलते सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ रही है। दक्षिण पश्चिम मानसून अब तय हो चुकी है, वापसी रेखा सुपौल, रांची, रायपुर से होकर गुजर रही है। इस दौरान प्रदेश के कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने की आशंका है, लेकिन यह भी पूरी तरह से कमजोर पड़ चुकी है। अब आम लोग सर्दी का इंतजार कर रहे है, लेकिन मौसम को करवट बदलने में कुछ महीनों का समय लग सकता है। फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

बच्चों की गवाही ने मां की हत्या के आरोपियों को उम्रकैद की सजा दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला न्यायालय ने मकान बनाने के विवाद पर बच्चों के सामने उनकी विधवा मां की सब्बल मारकर हत्या करने वाली दादी, चाचा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने साक्षी बेटे, बेटी की गवाही को स्वीकार किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनाथ बच्चों को आर्थिक सुरक्षा दिलाए जाने का निर्देश दिया है।

बिल्हा क्षेत्र के ग्राम खम्हारडीह निवासी धनेश्वरी वैष्णव पति की मौत के बाद अपने 11 साल के बेटा, 9 साल की बेटी के साथ गांव में रह रही थी। उनकी अपने सास प्रमिला वैष्णव एवं देवर लाला वैष्णव से मकान बनाने का विवाद था। 4 अप्रैल 2024 को धनेश्वरी बाजार से लौट रही थी। रास्ते में देवर लाला वैष्णव व सास प्रमिला वैष्णव उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गांव के कोटवार एवं अन्य लोगों ने झगड़ा शांत कराया। शाम 7.30 बजे धनेश्वरी के दोनों बच्चे गांव के प्रहलाद वैष्णव के दुकान आकर उन्हें बताया, उसकी दादी व चाचा ने घर से सब्बल निकालकर उनकी मां को मार दिया है और दोनों बाइक से भाग गए हैं। प्रहलाद वैष्णव की सूचना पर बिल्हा पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर दोनों मां बेटे को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छाया सिंह ने दोनों बच्चों की गवाही को स्वीकार करते हुए आरोपी प्रमिला वैष्णव, लाला वैष्णव को धारा 302, 34 में आजीवन कारावास व 100 - 100 रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से शासकीय अतिरिक्त लोक अभियोजक बसंत कुमार लासरे ने पैरवी की है।

कोर्ट ने मानवीय पहलुओं को देखा

कोर्ट ने आदेश में कहा कि मामले में मानवीय पहलुओं को देखना होगा। पति की मौत के बाद मृतका अपने दो मासूम बच्चों का पालन पोषण कर उन्हें समाज में जीने का तरीका बता रही थी। उन्हें एक सहारे की जरूरत थी। ऐसे समय में उनके सामने मां की हत्या हो गई। इससे बच्चे अनाथ हो गए हैं। वर्तमान में दोनों अपने किसी दूर के रिश्तेदार बड़े पापा मां के साथ रह रहे हैं। बच्चों को उनकी मां से जो दुलार प्यार मिलता उसकी अपेक्षा नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश की प्रति प्राप्त होने के तीन माह के अंदर शासन के प्रतिपूर्ति अधिनियम के तहत दोनों बच्चों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।





Whirlpool®
DESIGNED TO DELIGHT™

EXCLUSIVE
WHIRLPOOL® STORE

NOW
OPEN

SHRI SHARDA ENTERPRISES

Next To City Kotwali, Telipara Road, Bilaspur, Chattisgarh
Ph.: 78982 04420

©2026 All Rights Reserved. Whirlpool is a trademark of Whirlpool Properties Inc. and is used under license.



मुख्य अतिथि
डॉ सम्पत अग्रवाल
माननीय विधायक, वसना (छ.ग.)





समाजवाद के प्रवर्तक

श्री श्री १००८ महाराजा अग्रसेन जी

की ५१५० वी जयंती पर समस्त अग्र बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बिलासपुर अग्रवाल सभा

सरंक्षक


श्री बजरंग केडिया


श्री जगदीश केडिया


श्री बजरंग लोहिया


श्री परसराम अग्रवाल


श्री अमर अग्रवाल


सीए सुरेन्द्र अग्रवाल


श्री किशन बुधिया


श्री रामावतार अग्रवाल


शिव कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष


सुनील सोनथलिया
सचिव


सीए ओमप्रकाश मोदी
कोषाध्यक्ष


बृजमोहन अग्रवाल
उपाध्यक्ष


राजकुमार केडिया
उपाध्यक्ष


सीए राजुल जाजोदिया
उपाध्यक्ष


सीए विनोद मित्तल
उपाध्यक्ष


आशीष अग्रवाल
उपाध्यक्ष


दीपक मोदी
उपाध्यक्ष


उमेश मुरारका
उपाध्यक्ष


सीए आनंद अग्रवाल
उपाध्यक्ष


विहारी जालान
उपाध्यक्ष


कमलेश अग्रवाल
उपाध्यक्ष


मुरली अग्रवाल
उपाध्यक्ष


राजेश अग्रवाल
सह सचिव


नवीन जाजोदिया
सह सचिव


अमेश बुधिया
सह सचिव


कमलेश निशानिया
सह कोषाध्यक्ष


सीए विवेक अग्रवाल
सह कोषाध्यक्ष

मार्गदर्शक


श्री मंगतराय अग्रवाल


श्री अर्जुन अग्रवाल


श्री मोती सुल्तानिया


श्री अशोक अग्रवाल


श्री हरि बुधिया


सीए एस.एस. अग्रवाल


श्री रामावतार अग्रवाल


श्री लक्ष्मी नारायण टिबड़ेवाल


श्री राजेश अग्रवाल


श्री आर.के. अग्रवाल

श्री हरीश केडिया

श्री प्रमोद खेड़िया

श्री पवन अग्रवाल

श्री सुभाष अग्रवाल

श्री बेनी गुप्ता

श्री राजेन्द्र सिंघानिया

अग्रसेन जयंती समारोह समिति

भोलाराम मित्तल
अध्यक्ष

अशोक अग्रवाल
स्वागताध्यक्ष

नितिन बेरीवाल
सचिव

सीए सुशील अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

संजय अग्रवाल (गुड्डाखू)
उपाध्यक्ष

सतीश शाह
उपाध्यक्ष

शिव बुधिया
उपाध्यक्ष

मुकेश महलवाला
उपाध्यक्ष

राजेन्द्र चौधरी
उपाध्यक्ष

राजेश गोयल
उपाध्यक्ष

कपिल जाजोदिया
उपाध्यक्ष

जय प्रकाश मित्तल
उपाध्यक्ष

आलोक केडिया
उपाध्यक्ष

अभिषेक अग्रवाल
उपाध्यक्ष

कृष्ण कुमार अग्रवाल
उपाध्यक्ष

अनन्य वजाज
सह सचिव

अंकुर अग्रवाल
सह कोषाध्यक्ष

श्री अग्रसेन भवन समिति

मंगतराय अग्रवाल
अध्यक्ष

राजेन्द्र खेड़िया
उपाध्यक्ष

दीपक मोदी
सचिव

अनिल अग्रवाल (गुड्डाखू)
कोषाध्यक्ष

अग्रवाल नवयुवक समिति

चंचल अग्रवाल
अध्यक्ष

विवेक मित्तल
सचिव

अमित लोहिया
कोषाध्यक्ष

सूर्यकांत जाजोदिया
उपाध्यक्ष

विनीत मित्तल
उपाध्यक्ष

अजय अग्रवाल
उपाध्यक्ष

विनीत मित्तल
उपाध्यक्ष

चंदन अग्रवाल
उपाध्यक्ष

अभिषेक सोनथलिया
उपाध्यक्ष

अभिषेक बुधिया
सह कोषाध्यक्ष

अजय तायल
सह कोषाध्यक्ष

मयंक निशानिया
सह सचिव

अमित रामपुरिया
सह सचिव

स्वप्निल मोदी
संपादक

डॉ. यश अग्रवाल
संपादक

अग्रवाल महिला समिति

विनीता केजरीवाल
अध्यक्ष

प्रियंका अग्रवाल
सचिव

मधु बगड़िया
उपाध्यक्ष

वंदना जाजोदिया
उपाध्यक्ष

खुशबू बुधिया
कोषाध्यक्ष

सीमा अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

सोनल अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

किरण सुल्तानिया
कोषाध्यक्ष

सीमा अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

तान्या जाजोदिया
मीडिया प्रभारी

शिल्पी अग्रवाल
सह सचिव

ज्योति अग्रवाल
सह सचिव

ज्योति जालान
सह सचिव

अल्का अग्रवाल
सह सचिव

पूजा जाजोदिया
सह सचिव

श्री अग्रसेन शिक्षण समिति

महेश अग्रवाल
अध्यक्ष

सीए अंशुमन जाजोदिया
सचिव

गणेश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

शैलेष अग्रवाल
उपाध्यक्ष

आदित्य अग्रवाल
उपाध्यक्ष

शिखर अग्रवाल
उपाध्यक्ष

सीए दीपक अग्रवाल
संगठन सचिव

उत्तम अग्रवाल
सह सचिव

मुकेश जैन
सह सचिव

आनंद अग्रवाल
क्रीड़ा सचिव

गर्वित अग्रवाल
प्रचार सचिव

रूपेश मित्तल
बौद्धिक सचिव

हेमंत मोदी
सांस्कृतिक सचिव

संदीप नोपानी
पर्यावरण सचिव

विकास मित्तल
स्वास्थ्य सचिव

अग्रोहा भवन समिति

सुनील सुल्तानिया
अध्यक्ष

कपिल टिबड़ेवाल
सचिव

अमित अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

सीए विमल अग्रवाल
उपाध्यक्ष

संदीप केडिया
उपाध्यक्ष

आलोक चौधरी
उपाध्यक्ष

राकेश गोयल
उपाध्यक्ष

शिव अग्रवाल
सह सचिव

आशीष अग्रवाल
सह सचिव

नरेश अग्रवाल
सह कोषाध्यक्ष

पुलकित अग्रवाल
सह कोषाध्यक्ष

अग्रवाल सेवा समिति

अजय जाजोदिया

सीए आनंद कुमार अग्रवाल

सीए राजुल कुमार जाजोदिया

संजय अग्रवाल
(गुड्डाखू)

मनीष अग्रवाल
(पूर्व एल्डरमेन)

अनिल अग्रवाल
(गुड्डाखू)

मोनू मुरारका

कार्यक्रम- दिनांक : 11 अक्टूबर 2026, दिन-रविवार, स्थान : हॉटल ग्रैण्ड लोटस, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)

संजय के दीक्षित

तरकश

अफसर...और घर की मुर्गी

छत्तीसगढ़ कैडर के एक आईएफएस अधिकारी की मिस यूपी रह चुकी खूबसूरत युवती से बड़ी धूमधाम से शादी हुई थी। उनका एक बड़ा प्यारा बेटा भी हुआ। मगर आठ साल बाद अब स्थिति यह है कि पत्नी अपने पति की लंपटई और प्रताड़ना को लेकर सोशल मीडिया पर गुहार लगा रही है। पत्नी का आरोप है...पति ने मेरा जीवन तबाह कर मुझे मायके में शरण लेने मजबूर कर दिया। आईएफएस अफसर का सूबे की एक चर्चित महिला डीएसपी से लंबे समय से याराना रहा है। राजधानी रायपुर में शायद ही कोई अनभिज्ञ होगा कि महिला डीएसपी का पहले आईएफएस के साथ संबंध रहा। बाद में एक कारोबारी की इंट्री हुई और उसके बाद वे मैदान से आउट हो गए मगर आईएफएस अभी भी पिच पर बने हुए हैं। खैर, फंडा यह है कि कई लोगों के लिए खूबसूरती मैटर नहीं करता। खासकर, आईएएस, आईपीएस और आईएफएस जैसे ऑल इंडिया सर्विस के अफसरों के लिए, जिनके पास 'पावर' और 'पैसा' दोनों होता है। चूकि ये देश की सबसे बड़ी सर्विस में सलेक्ट होते हैं, लिहाजा आमतौर से पत्नियां खूबसूरत ही मिलती हैं। मगर बड़े अफसर बनने के बाद गुलाटी मारना जब 'इनबिल्ट' हो जाए, तो बेचारी पत्नी क्या कर सकती है। बेशक, छत्तीसगढ़ के 80 परसेंट से अधिक आईएएस, आईपीएस और आईएफएस लंगोट के ढीले हैं। मौका मिला नहीं कि हर-हर गंगे। उपर से भारी इनोसेंट दिखने वाले कई अफसरों को लेकर विश्वास नहीं होगा...मगर उनके चटपटे किस्से सुन आप दंग रह जाएंगे। जब से डीएमएफ आया है, अधिकांश कलेक्टरों का भी यही हाल है...कईयों ने चरित्रहीनता की पराकाष्ठा कर दी है। दरअसल, यूपीएससी क्रेक कर आए हैं, चतुर तो वे होते ही हैं...पोस्टिंग मिलते ही पीए को बोलते हैं, सबसे अच्छी वाली गाड़ी मैडम के लिए घर भेजो। पत्नियां सप्लायरों, ठेकेदारों से मिलने वाले महंगे गिफ्ट, ज्वेलरी और लग्जरी सुख-सुविधाओं में उलझ जाती है। उधर पति लोग मीटिंग के बहाने मुंबई, गोवा में बंदरों टाईप गुलाटी मारने निकल जाते हैं। बहरहाल, बात आईएफएस की मिस यूपी बीवी पर तो पत्नी कितनी भी खूबसूरत हो जाए...आखिर, एक देसी कहावत है...घर की मुर्गी दाल बराबर।

कदाचरण...एक्शन क्यों नहीं?

87 बैच के आईएएस अजयपाल सिंह की पत्नी सरकार और मीडिया के दरवाजों पर पति की प्रताड़ना को लेकर गिड़गिड़ाती रही। हालांकि, उनकी पीड़ा लंपटई को लेकर नहीं थी। बावजूद इसके उस समय की बीजेपी सरकार ने कभी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं सौंपी। बाद में ड्यूटी से महीनों गायब रहना, कामकाज में लापरवाही के मामले में उन्हें फोर्सली रिटायर कर दिया गया। मगर इस समय आईएफएस की पत्नी अपने पति की लंपटई पर गुहार लगाते बिलख रही है। ऐसे अफसर को सिस्टम ने बड़े डिविजन डीएफओ बनाकर रखा है। ये ठीक नहीं। इसे आप पति-पत्नी का पर्सनल विवाद बोल खारिज नहीं सकते। इससे पूरे देश में छत्तीसगढ़ कैडर मजाक बनता है। फिर डीएसपी प्रकरण में जो जांच हुई है, खुफिया विभाग के पास इसके इनपुट्स भी तो होंगे ही। फिर भी ऐसे आंख क्यों मूंदना?

अफसर, पत्नी और अलार्म

करीब 22 साल से छत्तीसगढ़ की अफसरशाही को कवरेज करते बड़े करीब से वाकिफ हूं। जो अफसर पत्नी को लिमिट से ज्यादा वेटेज देते हैं। सार्वजनिक जगहों पर साथ जाएंगे, तारीफ के पुल बांधते मिलेंगे। डीपी, स्टेट्स में भी साथ-साथ। ऐसे अफसर लंगोट के ज्यादा ढीले होते हैं। हो सकता है, इसमें इक्का-दुक्का अफसर अपवाद हों, अलबत्ता, एक इंटरनेशनल रिसर्च में ये बात निकलकर आई है कि विवाहेत्तर संबंध रखने वाले अधिकांश लोग पत्नी को काफी खुश रखने का प्रयास करते हैं। एकदम चापलूस की तरह। इसलिए...ताकि उसे कोई संदेह न हो। खैर, ऐसे ब्रीड वाले अफसरों के लिए अब संभावनाओं के द्वार काफी खुल गए हैं। मंत्रालय से लेकर इंद्रावती भवन और कलेक्ट्रेट तक अब कारपोरेट, कंसलटेंट की आड़ में मेट्रो सिटी की आधे-अधूरे वस्त्र पहनी हनी गर्ल मौरे की तरह मंडरा रही हैं। कुल मिलाकर घोर कलयुग आ गया है... अफसरों की पत्नियों को अत्यधिक अलर्ट रहने की जरूरत है।

बीजेपी में भी ग्लेमर

कांग्रेस चूकि बरसों सत्ता में रही है, इसलिए उसके बड़े-बड़े नेताओं की अनगिनत कहानियां रही हैं। मगर अब शुचिता के लिए जानी जाने वाली बीजेपी भी इससे अछूती नहीं। छत्तीसगढ़ में चौथी बार सत्ता में आई बीजेपी भी अब ग्लेमरस महिलाओं से प्रभावित दिखती हैं। बरसों से पार्टी का झंडा, बैनर उठाने वाली महिलाएं किनारे हो गई हैं, और हाल के दिनों में पार्टी में घुसी महिला नेत्रियां अब आगे होती जा रहीं। बिलासपुर की एक घटना को लें...एक ग्लेमरस युवती ने पार्टी में पद दिलाने का लालच देकर एक बीजेपी कार्यकर्ता से 82 लाख रुपए ठग लिया। अरसा गुजर जाने के बाद जब उसे पार्टी में कोई पद नहीं मिला तो उसने पुलिस की शरण ली। कुछ महीने पहिले बिलासपुर की ही एक ग्लेमरस नेत्री ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी...एक ठेकेदार ने उससे कार में दुष्कर्म किया। उधर, ठेकेदार ने कहा, उल्टे काम दिलाने के लिए नेत्री ने उससे एक करोड़ रुपए हड़प लिया। अब असलियत क्या थी, वे दोनों जाने। लेकिन, अब कमाल ये कि नेत्री फिर बिलासपुर से लेकर रायपुर तक, बड़े-बड़े नेताओं के साथ खूब फोटो खिंचवा रही। पता नहीं, छत्तीसगढ़ में पोस्टेड भारी-भरकम अमला वाली केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां क्या कर रही हैं। आखिर, कुछ उंच-नीच हुआ तो नाम तो पूरी पार्टी का खराब होगा न। क्योंकि, बीजेपी नेता भी आखिरकार हैं इंसा नही न!

कलेक्टरों, कोर्ट रुम और मॉनिटरिंग

विधानसभा अध्यक्ष के जिले राजनांदगांव से एक अच्छी खबर है। वहां राजस्व मामले के निबटारे में 94 से लेकर 100 परसेंट तक कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ में ये अपने आप में एक रिकार्ड होगा। जाहिर है, जमीन जायदाद के मामले तहसीलों में सालों तक अटके रहते हैं। पिछले तरकश में राजस्व मामलों का जिक्र होने पर अगले दिन बलरामपुर से लेकर भोपालपटनम तक से कमेंट्स और शिकायतों की बाढ़ आ गई थी। लोग दुखड़ा रो रहे थे, फलां तहसीलदार ने इतने महीने से फाइल दबा कर बैठा है तो किस तरह सरगुजा जिले की एक कलेक्टर ने कमिश्नर से बोल जमीन विवाद पर स्टे लगवा दिया...इसलिए कि एक समाज विशेष के एक आदमी ने जमीन पर कब्जा किया है। इससे लॉ एंड आर्डर की स्थिति उत्पन्न होती, तो उन्हें झेलना पड़ता। सरकार को कम-से-कम रेवेन्यू मामलों को हर महीने समीक्षा करनी चाहिए कि किस जिले में कितनी पेंडेंसी है। ई-ऑफिस के बाद भी अगर तहसीलदार, एसडीएम महीनों फाइलें दबाकर बैठे रहें तो ये दुर्भाग्यजनक है। दूसरा, अब तो ऑनलाइन और सीसीटीवी का दौर है। चीफ सिकेट्री खुद भी अधिकारियों के अटेंडेंस पर नजर रख रहे। सीसीटीवी से सीधे पता चल जाएगा कि कौन कलेक्टर महीने में कितने दिन कोर्ट रुम में बैठता है। वास्तविकता यह है कि 80 परसेंट कलेक्टर कोर्ट में बैठते नहीं। एडिशनल कलेक्टर को कोर्ट सौंप देते हैं। राजनांदगांव को मॉडल बनाकर अगर मंत्रालय से कलेक्टरों की मॉनिटरिंग प्रारंभ हो जाए तो चीजें काफी सुधर जाएंगी। क्योंकि, आंकड़े बताते हैं, सबसे अधिक किसी विभाग में भ्रष्टाचार है तो वह राजस्व विभाग में है। और आम आदमी सबसे अधिक त्रस्त भी इसी विभाग से है।

पहले के कलेक्टर और अबके

आज से दो दशक पहले कलेक्टर जमकर दौरे भी करते थे और रेगुलर कोर्ट में बैठकर राजस्व केसों का निबटारा भी करते थे। तब जिले काफी बड़े होते थे। केसों की संख्या भी काफी होती थी। मगर अब दो-दो, तीन-तीन ब्लॉक के जिले हो गए, उसके बाद भी कलेक्टरों के पास राजस्व मामलों का रिव्यू करने टाईम नहीं। ऐसा नहीं कि पहले के कलेक्टर पैसा नहीं कमाते थे। वे पैसा भी कमाते थे और दबाकर काम भी करते थे। अभी विडंबना यह है कि कलेक्टर सुबह से कैलकुलेटर लेकर बैठ जाते हैं, डीएमएफ का पैसा कहां और कैसे खर्च किया जा सकता है, काम-वाम से ज्यादा कोई मतलब नहीं। और, सिस्टम ने जिन्हें ईमानदारी के बेसिस पर कलेक्टर बनाया है, वे मूरत बनकर ऑफिस में बैठे रहते हैं, उन्हें आम आदमी से कोई मतलब नहीं। अलबत्ता, इस स्तंभ में पहले भी कई बार लिखा जा चुका है...छत्तीसगढ़ में कलेक्टरों की वर्किंग खराब करने में सबसे बड़ा रोल डीएमएफ का है। कायदे से अघोषित तौर से इसे सरकार को अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। नियंत्रण का मतलब ये कि भारत सरकार ने कलेक्टरों को डीएमएफ का हेड बनाया है, इसलिए उन्हें बदल तो सकते नहीं। मगर सरकार चाहे तो काम कराने से पहले पूछ सकती है... रिव्यू कर सकती है कि वो जो काम करने जा रहे, उसकी जनहित में कितनी उपयोगिता है। कई जिलों में सप्लायर तय करते हैं...डीएमएफ में क्या होना चाहिए। इसका एक बानगी देखिए। एक सप्लायर हाथी प्रभावित कई जिलों के कलेक्टरों को बताया कि हाथी आएगा, तो मोबाइल पर अलर्ट आएगा। इसी में उसने डीएमएफ से करोड़ों रुपए ऐंठ लिया। इससे कलेक्टर भी खुश और सप्लायर भी। मगर जंगलों में रहने वाले आम लोगो का कोई भला नहीं हुआ, क्योंकि वे मोबाइल नहीं देखते। मगर डीएमएफ का पैसा खर्च करना था, वो काम हो गया। अलबत्ता, पिछली सरकार में डीएमएफ पर रायपुर से नियंत्रण करने का प्रयास किया था, भले ही उसकी मंशा और दिशा सही नहीं रही।

कलेक्टरों के इनोवेशन पर ब्रेक

प्रशासनिक कामकाज को पटरी पर लाने के लिए सिस्टम को एक काम अवश्य करना चाहिए। वह है कलेक्टरों के इनोवेशन पर अंकुश लगाना। दरअसल, होता ऐसा है कि वाहवाही लुटने या फिर पीएम अवार्ड के लिए कलेक्टर एक-न-एक नवाचार का काम ढूंढ लेते हैं और फिर वही उनके लिए टॉप प्रायरिटी बन जाता है। फिर जनता से जुड़े बाकी काम गौण। आलम यह कि पिछले कलेक्टर ने अगर कोई बढ़ियां लोक कल्याणकारी काम प्रारंभ किया है, तो उसके तरफ देखना नहीं। जबकि, होना ऐसा चाहिए कि कोई कलेक्टर अगर अच्छा काम शुरू किया है तो नए वालों की भी जिम्मेदारी बनती है कि उसे आगे बढ़ाए। जाहिर है, छत्तीसगढ़ बनने के बाद सिर्फ कलेक्टर ओपी चौधरी का दंतेवाड़ा का काम दिख रहा, जिसके लिए उन्हें पीएम अवार्ड मिला। बाकी पीएम अवार्ड वाले क्या काम किए, किसी को याद नहीं। मुख्य सचिव के पास अब तो एक स्पेशल सिकेट्री भी आ गई हैं। कलेक्टरों के कामकाज का पूरा हिसाब सीएस ऑफिस में होना चाहिए। और ट्रांसफर के बाद नए वाले को ज्वाईनिंग से पहले बुलाकर बताना चाहिए कि उसे किन कामों को कंटीन्यू करना है, या फोकस बनाकर रखना है। इससे चीजें काफी सुधरेंगी। क्योंकि, कलेक्टरों की खुद की वाहवाही में जनता के पैसे का काफी नुकसान होता है।

स्पीकर का प्रभाव

देश के ताकतवर विधानसभा अध्यक्षों की बात की जाए तो एमपी के स्पीकर रहे श्रीनिवास तिवारी याद आते हैं। दिग्विजय सिंह के दौर में उनका गजब का रुतबा था...उन्हें विंध्य का शेर कहा जाता था। बहरहाल, छत्तीसगढ़ के स्पीकर डॉ. रमन सिंह का सम्मान भी कम नहीं है। 18 अक्टूबर को उनका जन्मदिन है। जब से वे स्पीकर बने हैं, तब से वे अपना जन्मदिन अपने विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव में मनाते हैं। पिछले साल भी इस मौके पर बड़ा जलसा हुआ था। और इस बार भी कुछ बड़ा ही होने वाला है। सिंगर जुबिन नौटियाल तो आ ही रहे हैं, रायपुर से सड़क मार्ग से चलकर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी देर शाम राजनांदगांव पहुंचेंगे। उनके अलावे लगभग पूरा मंत्रिमंडल और विधायकों का जमावड़ा भी राजनांदगांव में लगेगा। राज्यपाल और सीएम का हेलिकाप्टर से कहीं जाना उतना मायने नहीं रखता, जितना रात के समय सड़क मार्ग से जाकर, फिर लौटना अहमियत रखता है। ये डॉ0 रमन सिंह का प्रभाव दिखाता है।

मिलिट्री से सीएम और स्पीकर

विस अध्यक्ष डॉ0 रमन सिंह बहुत खुलकर बात करते नहीं। मगर उनकी तीसरी पारी की एक दोपहर थी। मैं उनका इंटरव्यू लेने गया था। पता नहीं कैसे, उस दिन वे काफी खुल गए थे। ओएसडी विक्रम सिसोदिया दो बार कमरे में आए। वे बिना कुछ कहे, हाव-भाव से ये बताना चाहते थे कि अब काफी टाईम हो गया। मगर डॉ0 साब ने दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा, मेरी डील डौल अच्छी थी, इसलिए मेरी इच्छा थी मिलिट्री में डॉक्टर बनने की। मगर घर में बीजेपी की बैठक हो रही थी। कवर्धा में भाजयुमो का अध्यक्ष बनाने कोई चेहरा नहीं मिल रहा था, सो मुझे जिम्मेदारी दे दी गई। और मिलिट्री में जाते-जाते मैं सियासत में आ गया। उस रोज उन्होंने ये भी बताया...क्रिकेट मैच देखने का उन्हें इतना शौक था कि रायपुर मे बीएएमएस करने के दौरान कई बार घर में बिना बताए वे दिल्ली और मुंबई चले जाते थे। चूकि टाईम काफी ज्यादा हो गया, इसलिए ये याद नहीं कि उन्होंने बेटिकिट ट्रेन से मैच देखने जाने के लिए भी कहा या नहीं।

बीजेपी के इंफ्लुएंसर

सत्ताधारी पार्टी को एजेंसियों पर इतना कांफिडेंस नहीं पाल लेना चाहिए। क्योंकि, अब चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है। बात है दिल्ली से बुलाए गए सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की। बीजेपी को बुलाना ही था तो चार-पांच को ही बुलाते मगर ठीकठाक का चयन करते। कम-से-कम प्रोफाइल तो देख लेते कि जो इंफ्लएंसर आ रहा, उसका खुद का कितने सबस्क्राबर और व्यूज हैं। मगर एजेंसी से ऐसे-ऐसे लोगों को पकड़ लाई कि पूछिए मत! एक तो थोक की संख्या में आए। दूसरे छत्तीसगढ़ की ब्रांडिंग करने की बजाए यहां के लोगों के साथ फोटो खिंचवा खुद अपना व्यूज बढ़ा रहे हैं। उससे अच्छा छत्तीसगढ़ के कस्बा, जिलों के लोकल इंफ्लुएंसर को इतना मान-सम्मान दे दिए होते तो पार्टी के लिए फायदेमंद होता। जस्ट ये एक सुझाव है, बाकी तो बीजेपी जाने।

हफ्ते का कोट

आपकी शख्सियत अच्छी होगी, तभी लोग आप में बुराइयां खोजेंगे, वरना बुरे की तरफ देखता ही कौन है।

अंत में दो सवाल आपसे?

1. किस जिले की महिला कप्तान पुलिस मुख्यालय के प्रभावशाली अफसर की भी परवाह नहीं कर रही?
2. क्या ये सही है कि मंत्रिमंडल में अब सर्जरी दिवाली के बाद ही होगी?

खबर संक्षेप

अग्रसेन जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

तखतपुर। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन की 5150वीं जयंती 11 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से मनाई जाएगी। इस मौके पर बाइक रैली के साथ शाम 5 बजे से महामाया चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी सचिव राजेश अग्रवाल ने दी।

निधन

महेश मिश्र

मुंगेली। सरदार पटेल वार्ड निवासी



महेश मिश्र उम्र 76 वर्ष का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। वे अधिवक्ता विरेन्द्र मिश्र, राजेन्द्र मिश्र के अनुज व रवि मिश्र के अग्रज थे। वे श्रीदत्त एवं आकाश दत्त के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 बजे खर्राघाट स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

गंगा राम कैवर्त

तखतपुर। वार्ड 4 सुभाष नगर निवासी



गंगा राम कैवर्त 60 वर्ष का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। वे शंकर कैवर्त, मनीष कैवर्त के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

शैल बाई मराठा

तखतपुर। ग्राम सागर निवासी शैल



बाई मराठा 75 वर्ष का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। वे संजीव , सुजीत राव की माता तथा हरीश, नीरज, ओमकार राव की दादी थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सागर में किया गया।

जुड़ावन लहरे

तखतपुर। ग्राम परसदा निवासी

जुड़ावन लहरे 71 वर्ष का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पूर्व सरपंच संतराम लहरे, संत कुमार लहरे के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम परसदा में किया गया।

चित्ररेखा सोनी

पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 7

निवासी चित्ररेखा सोनी का दिन शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार दिन शनिवार को नगर के मुक्तिधाम में किया गया गया। वे हनुमत सोनी और नगर के टेंट व्यवसायी हीरा सोनी की माता एंव अजय, अन्नू सोनी की दादी थी।

लखन लाल यादव

बिलासपुर। बहतराई रोड, सरकंडा

निवासी लखन लाल यादव (89 वर्ष) का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर सुबह 11 बजे चिंगराजपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

उद्यान विभाग ने 10 किसानों को वितरित किए पौधे

सेवा सेतु शिविर से ग्रामीणों को मिला शासन की योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी



विकासखंड के ग्राम वेदपरसदा स्थित मुख्यमंत्री डीएव्ही स्कूल में आयोजित सेवा सेतु शिविर ग्रामीणों के लिए सुविधाओं और सौगातों का केंद्र बना। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी शामिल हुए। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया।

स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन कार्ड और पेंशन स्वीकृति सहित विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ली और अपनी जरूरतों से संबंधित सेवाओं का लाभ उठाया।

पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि सेवा सेतु शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल है।

इसका उद्देश्य ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों और शासकीय सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। शिविर में किसानों और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी योजनाओं का भी लाभ दिया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें अपनी भूमि की उर्वरता और पोषक तत्वों की स्थिति के अनुरूप खेती करने में मदद मिलेगी। उद्यान विभाग ने 10 किसानों को पौधों का वितरण किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों के विस्तार के लिए ऋण वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा मस्तूरी एसडीएम बजरंग वर्मा, जनपद सीईओ जे.आर. भगत, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में वीर शिवाजी क्लब बना विजेता

मस्तूरी/बिलासपुर। विधानसभा के ग्राम कुकुर्दीकेरा में ग्राम युवा संगठन एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता उत्साह, रोमांच और खेल भावना के साथ संपन्न हुई।



प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा, दमखम, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या तथा जिला पंचायत बिलासपुर की सभापति राधा खिलावन पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि जो खेलेगा, वही खिलेगा। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष करने की भावना विकसित करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराने की। कबड्डी जैसे पारंपरिक भारतीय खेल हमारी संस्कृति और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए खेलो इंडिया जैसी पहल के माध्यम से खेल संस्कृति को नई गति मिली है। 27 खेलों को खेलो इंडिया में शामिल किया गया है, देश में खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला पंचायत सभापति राधा खिलावन पटेल ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की प्रतिभा निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की दिशा में सराहनीय पहल है। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के प्रयासों की प्रशंसा की। आयोजन में राजाराम मरार, परमेश्वर सेन, भूपेंद्र सिंह जगत, बलभद्र केवट, शत्रुघ्न केवट, जीवरखन केवट, दिलहरण पटेल, हेम लाल कन्हैया पटेल, प्रकाश पटेल, चिंतामणि केवट, तुलाराम, गोलू, पूरन पटेल, कुलदीप राज, केसर, ओम प्रकाश यादव, परमेश्वर यादव, पालेश्वर पटेल, योगेश पटेल, संजू पटेल, ओविंद पटेल, चरण पटेल, मंतानू पटेल एवं देवेंद्र पटेल सहित ग्राम युवा संगठन के सदस्यों और ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

मासूम की नहर में डूबने से मौत

मुंगेली। ग्राम गीधा में घर का कचरा फेंकने निकला 6 साल का मासूम अचानक नहर में बह गया। घटना के बाद से ही परिजन और प्रशासनिक टीम मासूम की तलाश में जुटे हुए थे। लगभग 22 घंटे की तलाश के बाद घटनास्थल से लगभग 8 किलोमीटर दूर मासूम का शव बरामद किया गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गीधा का रहने वाला 6 वर्षीय मासूम घर का कचरा फेंकने के लिए निकला था। इसी दौरान नहर के पास अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद परिवार में अफरा–तफरी मच गई और मासूम की तलाश शुरू कर दी गई। इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिससे मामले को लेकर अहम जानकारी मिलने की बात कही जा रही है।

घटना के बाद से ही मासूम की तलाश लगातार की जा रही थी। परिजन भी अपने स्तर पर बच्चे को खोजने में जुटे हुए थे। मासूम की तलाश के लिए एसडीआरएफ, नगर सेना, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। लगातार खोजबीन के बीच घटनास्थल से करीब 8 किलोमीटर दूर मासूम का शव बरामद हुआ। लगभग 22 घंटे तक चली तलाश के बाद बच्चे का शव मिलने से परिवार की उम्मीदें टूट गईं और गांव में मातम छा गया।

बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में मौत

मुंगेली। ग्राम चातरखार के पास निर्माणाधीन मुंगेली से पण्डरिया–कवर्धा सड़क मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। दशगात्र कार्यक्रम में आई महिला हादसे की शिकार हो गई।



घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली–कवर्धा निर्माणाधीन मुख्य मार्ग पर शनिवार को ग्राम चातरखार के पास जीजे 27 टीजी 8156 वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार महिला उतरी बंजारे उम्र 42 वर्ष की मृत्यु हो गई। ग्राम नागराडीह थाना बिल्हा जिला बिलासपुर निवासी महिला अपने पति के साथ ग्राम टेढ़ाधौरा उसलापुर अपने रिश्तेदार के यहां दशगात्र कार्यक्रम में आई थी। दोपहर वापस लौटते समय चातरखार के पास हादसे का शिकार हो गई। उक्त निर्माणाधीन सड़क उबड़–खाबड़ बड़े–बड़े गड्ढे होने के कारण महिला बाइक से उछलकर गिर गई। इस दौरान मालवाहक वाहन के चपेट में आकर मौके पर ही महिला की दर्दनाक मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पीएम के लिए महिला का शव जिला अस्पताल भेजा है। राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माण कार्य धीमी गति के चलने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराई जाए एवं वर्तमान में बड़े गड्ढे को समतल कराए जाएं, जिससे हादसे नही हो सके।



अग्रसेन जयंती पर निकली शोभायात्रा

गौरेला। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक आस्था के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के जयकारों से नगर गुंजायमान रहा। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सहाय अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का पर्व है। महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता, सहयोग और जनकल्याण की भावना को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अतुल गोयल, बड़े अग्रवाल, दिलीप केडिया, सियाराम गोयल, राजेश गर्ग, रौनक गोयल, निलेश केडिया सहित अनेक सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

बिहान दीदियों व समूह की महिलाओं के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम

मुंगेली। जिले में साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल राम रावटे के विशेष सहयोग से जिला पंचायत कार्यालय मुंगेली के सभाकक्ष में "पहल" कार्यक्रम के अंतर्गत बिहान दीदियों एवं स्व–सहायता समूह की महिलाओं के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए ओटीपी, पिन, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने, खाता को सुरक्षित रखने, मोबाइल सिम अपने नाम पर रखने, पासवर्ड, व्हाटसऐप में ऑटो डाउनलोड बंद रखने, मोबाइल की उपयोगिता के सम्बन्ध में, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान क्यूआर कोड स्कैन नहीं करने तथा फर्जी कॉल एवं संदेशों से सावधान रहने के संबंध में जानकारी दी गई, साथ



ही फर्जी केवाईसी, ऑनलाइन ठगी, यूपीआई एवं क्यूआर कोड के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी, फर्जी ग्राहक सेवा नंबर, सोशल मीडिया ठगी एवं डिजिटल गिरफ्तारी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। मुंगेली पुलिस की विशेष पहल जिले में बिहान दीदी एवं स्व. सहायता समूह के सदस्य महिलाओं को बनाया जाएगा साइबर दीदी। जिले में जिस प्रकार बिहान दीदियां गांव में आजीविका एवं सामाजिक जागरूकता की मजबूत कड़ी हैं, उसी प्रकार उन्हें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता की ग्राम स्तरीय कड़ी के रूप में सक्रिय करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहान दीदियों को "साइबर दीदी" के रूप में तैयार करने की पहल की गई, ताकि वे अपने परिवार एवं समुदाय के अन्य लोगों तक "हर गांव–हर घर" साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचा सकें।प्रदेश स्तर पर मुंगेली जिला पांचवें स्थान पर, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को एसएसपी भोजराम पटेल ने किया।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि आमजन की जागरूकता और सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी अपने परिवार, परिचितों एवं आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपसंचालक पंचायत शिवानी सिंह, जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत के स्टाफ, पुलिस अधिकारी–कर्मचारी तथा बिहान दीदियां ए

खबर संक्षेप

345 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर मिला 5 लाख का बीमा सुरक्षा कवच



बिलासपुर। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध दुर्घटना बीमा योजना दिवंगत डाककर्मी के परिवार के लिए आर्थिक संबल बनी है। पेंड्रा रोड उपसंभाग के सेमरदर्री शाखा डाकघर में कार्यरत स्वर्गीय श्रीमती अरुणा ने मात्र 345 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराया था। उनके दुर्घटनावश निधन के बाद आज बिलासपुर मुख्य डाकघर में नामांकित हितग्राही कृष्णा साहू को 5 लाख रुपए की बीमा दावा राशि का चेक सौंपा गया। श्रीमती अरुणा ने अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस से दुर्घटना बीमा लिया था। उनके निधन के बाद बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया। बिलासपुर मुख्य डाकघर में डाक अधीक्षक बीएल जांगड़े के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में उपाधीक्षक रवि कछेर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सर्किल हेड मिथिलेश सिन्हा, वरिष्ठ प्रबंधक कमल चौहान एवं रॉयल सुंदरम के क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ जोशी की उपस्थिति में चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सर्किल हेड मिथिलेश सिन्हा ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



बिलासपुर। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने जनपद पंचायत कोटा की ग्राम पंचायत नवागांव सलका, कुआड़ीमोड़ा एवं गोबरीपाट में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने इस दौरान जिला खनिज न्यास निधि डीएमएफ, सांसद निधि एवं वीबी जी राम जी योजना सहित विभिन्न मदों से निर्मित किए जा रहे सामुदायिक भवन, प्रार्थना शेड, उचित मूल्य की दुकान, बाउंड्रीवॉल, बालिका शौचालय तथा आंगनबाड़ी भवन का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रार्थना शेड की ऊंचाई बढ़ाने तथा उचित मूल्य की दुकान के फर्श का स्तर ऊंचा करने के लिए संबंधित उप अभियंता को निर्देशित किया गया, ताकि वर्षा के दौरान पानी भरने की समस्या से बचाव हो सके और ग्रामीणों को सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सके। आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई और सुव्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि बच्चों के लिए स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ युवराज सिंहा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी वीबी-जी राम जी, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान में किया गया पौधरोपण

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। कोटा वन परिक्षेत्र के एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत अस्थाई रोपणी भेलवाटीकरी में पौधारोपण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा मोहित जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सूरज साधे लाल भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरोज दुर्गेश साहू, सभापति वन समिति श्रीमती उर्मिला प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि जिला भाजपा के प्रतिनिधियों के करकमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान कदम, गुलमोहर, आंवला, नीम, करंज, कटहल, आम सहित अन्य प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे लगाकर उसके देखभाल की जिम्मेदारी ली गई।



सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के लिए पंजीयन 17 तक

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 10 विभिन्न क्षेत्रों से नए एवं उपयोगी विचार आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रत्येक क्षेत्र से पांच-पांच विजेताओं का चयन किया जाएगा। इस प्रकार कुल 50 विजेताओं को 10-10 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के तहत कुल पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतियोगिता के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक कविता दर्गे, प्रबंधक रेवती कुमार लहरे, आरती झलारिया, सुनील कुमार पाण्डेय एवं उत्तम कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

माइन प्लान की जानकारी ली | **श्री साईराम ने व्यू पॉइंट से खदान का किया अवलोकन**

कोल इंडिया चेयरमैन ने किया एसईसीएल की गेवरा खदान का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोल इंडिया चेयरमैन बी साईराम ने शनिवार को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की गेवरा परियोजना का दौरा किया।

- पार्थ शॉवेल एवं 240 टन क्षमता वाले डंपर के ऑपरेटरों से

इस दौरान उन्होंने खदान के विभिन्न पैचों का निरीक्षण किया तथा विभागीय एवं ठेका श्रमिकों से संवाद किया। दौरे की शुरुआत में श्री साईराम ने व्यू पॉइंट से खदान का अवलोकन किया और माइन प्लान की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विभागीय पैच का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पार्थ शॉवेल एवं 240 टन क्षमता वाले डंपर के ऑपरेटरों से बातचीत की। निरीक्षण



के दौरान चेयरमैन भारत की पहली टाटा हिटाची के 21 क्यूबिक मीटर क्षमता वाले इलेक्ट्रिक शॉवेल पर स्वयं चढ़े और ऑपरेटर केबिन का जायजा लेकर ऑपरेटर से बातचीत कर मशीन के सुरक्षा फ़ीचर्स तथा एर्गोनॉमिक्स की जानकारी एवं कृष्णा शॉवेल का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने केजेएसएल के कोल फेस का निरीक्षण वहां कार्यरत ठेका श्रमिकों से बातचीत की। देव माइनिंग पैच के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कर्मियों एवं ठेकेदार कंपनी के श्रमिकों से संवाद के साथ पीएनसी एवं सैनिक माइनिंग पैच का भी निरीक्षण किया। श्री साईराम ने गेवरा हाउस में दीपका एवं गेवरा टीमों के साथ बैठक कर उत्पादन उत्पादकता एवं आगे की कार्ययोजना की समीक्षा की।

रविवार को श्री साईराम दीपका एवं कुसमुंडा खदानों का भी दौरा करेंगे। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन रमेश चंद्र महापात्र एवं निदेशक तकनीकी योजना/परियोजना नृपेन्द्र नाथ सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।

बिजली विभाग ने की थी कार्रवाई लेकिन मामला ही नहीं बना

हुकिंग की बिजली से रोशन हो रहे पुलिसवालों के मकान

सालों से हो रही है बिजली चोरी

कार्रवाई को लेकर अधिकारियों के कांप रहे हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ओर बिजली विभाग लाइन लॉस का ढिंठोरा पीट कर हर घर में स्मार्ट मीटर लगा रहा है, लेकिन पुलिस विभाग के क्वार्टर बिना मीटर के ही रोशन हो रहे हैं। दरअसल सरकंडा थाना के ठीक पीछे बनाने पुराने क्वार्टर में हुकिंग के जरिए ही बिजली सप्लाई हो रही है। इसकी जानकारी बिजली विभाग को होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

सरकंडा थाना के आसपास बने पुलिस क्वार्टर्स में दिन दहाड़े बिजली की चोरी की जाती है, यहां बने क्वार्टर्स में हुकिंग के जरिए ही बिजली सप्लाई हो रही है, यह पिछले कई सालों से जारी है। जिस पर ना तो कभी बिजली के आला अधिकारियों की नजर पड़ी और ना ही बिजली अधिकारी इन पर कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा सके हैं। यही कारण है कि सालों से पुलिस क्वार्टर हुकिंग की बिजली से रोशन हो रहे हैं। खास बात यह है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत जेई से लेकर आला अधिकारियों को कार्रवाई का अधिकार है और मामले में आरोपियों पर जुर्माना सहित 3 साल की जेल का प्रावधान है। इसके बाद भी कार्रवाई करने को लेकर बिजली अधिकारियों के हाथ कांप रहे हैं।



कुछ क्वार्टरों में है कब्जा

बताया जा रहा है कि थाने के पीछे बने क्वार्टर में कुछ पुलिसकर्मियों को कब्जा है, जिनका कुछ माह पहले तबादला हो चुका है, लेकिन परिवार और अन्य कारणों के चलते क्वार्टर बुक हैं। मिली जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले इन क्वार्टर पर बिजली विभाग के आला अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में जा चुका है।

लगाया गया था मीटर, अब हुकिंग

सालों पहले तत्कालीन बिजली अधिकारियों के द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से बिजली का मीटर क्वार्टर में लगाया गया था। इस दौरान मीटर के सहारे ही बिजली सप्लाई की जाती रही है, लेकिन बाद के सालों में पुलिस कर्मियों द्वारा क्वार्टर छोड़ते समय बिजली बिल का भुगतान नहीं किया और इसके बाद से से बिजली चल रही है।

कार्रवाई की गई थी

हुकिंग को लेकर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बाद मामला क्या हुआ यह मुझे नहीं मालूम है। आला अधिकारियों को सूचना देकर कार्रवाई की जाएगी।

-वर्षा सोनी, एई, बसंत विहार जोन

टीम भेजी जाएगी

मेरी जानकारी में मामला नहीं है। बिजली चोरी में विद्युत अधिनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है। टीम भेजी जाएगी।

-पीएल सिदार, एसई, विद्युत विभाग

बिजनेस प्लस

श्री शारदा इंटरप्राइजेज में एक्सक्लूसिव वर्लपूल स्टोर का शुभारंभ आज

बिलासपुर। तेलीपारा मुख्य मार्ग स्थित श्री शारदा इंटरप्राइजेज की नई श्रृंखला में एक्सक्लूसिव वर्लपूल स्टोर का शुभारंभ 11 अक्टूबर रविवार को हो रहा है।

संचालक विष्णु एवं मीत मुरारका ने बताया कि वर्लपूल की फ्रीज़, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव, एसी सहित सभी प्रोडक्ट इस संस्थान में मिलेंगे। स्टोर का शुभारंभ परिवार की मुखिया श्रीमती सुमित्रा मुरारका रविवार को सुबह 11:30 बजे करेंगी। श्री मुरारका ने कहा कि शहर में पिछले चार दशक से संस्थान ने ग्राहकों का अटूट विश्वास अर्जित किया है। इसी विश्वास को वे वर्लपुल के प्रोडक्ट के साथ भी जारी रखेंगे। शुभारंभ के अवसर पर वर्लपुल प्रोडक्ट की खरीदारी पर ग्राहकों को विशेष उपहार भी दिए जाएंगे।

हेल्थ प्लस

प्रथम हास्पिटल के वार्षिकोत्सव का समापन 15 को

बिलासपुर। प्रथम हास्पिटल वार्षिकोत्सव का समापन समारोह का आयोजन 15 अक्टूबर को होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण और विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

हास्पिटल अपनी सेवा के 12वें गौरवशाली वर्ष पूर्ण करने के साथ प्रगति के पथ पर एक और नवीन अध्याय का शुभारंभ कर रहा है। इसके तहत खेलकूद में शतरंज, रंगोली, प्रश्न मंच, खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भजन, नृत्य, नाटक, अन्य प्रतिभा का आयोजन किया गया। 15 अक्टूबर को बहतराई रोड सरकंडा पुलिस थाना के पीछे समापन समारोह के दौरान पूजन कार्यक्रम सुबह 10 से 12 बजे तक और समापन शाम 4 बजे होगा। इसमे विशिष्ट अतिथि संत रामकृष्ण मिशन बिलासपुर के स्वामी सेवाव्रतानंद जी महाराज, शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के महामंडलेश्वर महंत 1008 स्वामी रामभूषण दास महाराज, कल्याण आश्रम अमरकंटक के स्वामी जगदीशानंद महाराज, अमरकंटक के स्वामी शरदपुरी महाराज, अमरकंटक रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम के स्वामी शुद्धात्मानंद महाराज, अमरकंटक तुरिय आश्रम माई की बगिया के स्वामी महेश चैतन्य महाराज मौजूद रहेंगे।

सदर बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारने प्रशासन और व्यापारियों ने की पहल

बिलासपुर। सराफा एसोसिएशन बिलासपुर की ओर से आयोजित सेवा संकल्प अभियान एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान के 24 वें दिन जनहित एवं शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एक महत्वपूर्ण बैठक श्याम सद सराफा में एडिशनल एसपी रामगोपाल के नेतृत्व में आयोजित की गई। इसमें पुलिस विभाग के कोतवाली थाना, यातायात थाना के प्रतिनिधि, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, सदर बाजार, गोल बाजार, शास्त्री मार्केट के वरिष्ठ व्यापारियों ने सहभागिता की।

इसका मुख्य उद्देश्य बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन होने वाले जाम, अव्यवस्थित पार्किंग एवं सड़क तक फैले अवैध अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर चर्चा कर उनके व्यवहारिक समाधान तलाशना था। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में बैठक के बाद एडिशनल एसपी रामगोपाल, पुलिस टीम और व्यापारियों ने सदर बाजार क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर उन प्रमुख स्थानों का जायजा लिया जहां दुकानों के बाहर सड़क तक सामान, टेबल एवं अन्य सामग्री रखे जाने व वाहनों की अव्यवस्थित



पार्किंग के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। दुकानदारों से संवाद कर सड़क तक अतिक्रमण कर व्यापारिक गतिविधियां संचालित करने वाले कुछ दुकानदारों को चेतावनी देते हुए रास्ता व्यवस्थित रखने निर्देश दिए गए। एडिशनल एसपी रामगोपाल ने व्यापारियों से अपील की कि यातायात व्यवस्था में स्थायी सुधार के लिए एक समन्वित समिति बनाकर व्यापारियों की ओर से स्वयंसेवक तैयार किया जाए, जो बाजार क्षेत्र में यातायात अनुशासन व पार्किंग व्यवस्था की निगरानी में सहयोग कर सकें। सड़क पर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई को प्रभावी बनाने ऑनलाइन चालान की व्यवस्था शुरु करने की दिशा में पहल की जाएगी। एसोसिएशन ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शहर की जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और उनके सामाधान के लिए प्रशासन एवं व्यापारिक संगठनों के साथ समन्वय बनाकर प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अजय सराफ, राजेश शाह, सूरज सोनी, राजेश सोनी, जीतू सोनी सहित सराफ एसोसिएशन के सदस्य एवं सदर बाजार के प्रमुख व्यापारी मौजूद थे।

बैनर एवं दाग-धब्बे हटाने के लिए विशेष अभियान

बिलासपुर। दपूमरे बिलासपुर मंडल में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन निर्धारित थीम के अनुरूप रेलवे परिसरों में स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण एवं जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 9 एवं 10 अक्टूबर को अनाधिकृत पोस्टर, बैनर, दाग-धब्बे हटाने का अभियान थीम के अंतर्गत बिलासपुर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों, रेलवे परिसरों एवं कार्यालयों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से रेलवे परिसरों को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत स्टेशनों, फुट ओवर ब्रिज, सबवे, रेलवे कॉलोनियों में लगे अनाधिकृत पोस्टर,दीवार लेखन, होर्डिंग की पहचान कर उन्हें हटाया गया।

बेहतर स्वास्थ्य के लिए विपश्यना ध्यान विषय पर कार्यक्रम



बिलासपुर। केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान केन्द्र में वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास और बेहतर स्वास्थ्य के लिए विपश्यना ध्यान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में विपश्यना के क्षेत्रीय आचार्य सीताराम साहू ने कहा कि 85 प्रतिशत रोग मनोशारीरिक है। दस दिवसीय विपश्यना ध्यान के अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार स्वाभाविक है। विपश्यना प्रकृति के साथ चलने की विद्या है, सद्गति के लिए लोग विपश्यना ध्यान शिविर में शामिल होते हैं। क्षेत्रीय आचार्य के मार्गदर्शन में वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सजगता , एकाग्रता, दक्षता में सुधार,सुख, शांति के लिए अपने सहज स्वाभाविक सांस के आलंबन पर 10 मिनट आनापान ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्य वैज्ञानिक श्रीपाल सिंह ने कहा कि दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर का लाभ लें, जिससे संस्थान के क्रियाकलाप में सुधार होगा। प्रभारी मुख्य वैज्ञानिक हर्ष वर्मा ने आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य होने पर कार्य दक्षता में सुधार होगा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सुख एवं शांति का अनुभव होगा।

कार्यक्रम में विपश्यना केन्द्र के सहायक केन्द्र आचार्य की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आचार्य सीताराम साहू ने जानकारी देते हुए कहा सयाजी ऊबा खिन्न की परंपरा में विश्व विपश्यना आचार्य सत्यनारायण गोयनका द्वारा सिखाए जाने वाली विश्व में 265 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों तथा 129 अस्थाई विपश्यना ध्यान केंदों में विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित किया जाता है।

सरकारी सब्सिडी के बावजूद क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रही हवाई सुविधा

नौकरशाही की भेंट चढ़ रही बिलासपुर की हवाई सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से लगातार हवाई उड़ानों बंद हो रही है। नौकरशाही की मनमानी के चलते आरसीएस योजना का फायदा बिलासपुर के यात्रियों को नहीं मिल रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इसे दुर्भाग्यजनक बताया है।

दरअसल सीजी वायु योजना के तहत सब्सिडी मिलने के बाद भी बिलासपुर के साथ ही अंबिकापुर व जगदलपुर की हवाई उड़ाने बंद हो गई है। वहीं केन्द्र सरकार के रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत शुरू की गई हवाई सेवाओं का बंटाधार हो चुका है।

छग विमानन व वित्त विभाग के अधिकारी अलाइंस एयर पर भरोसा जता रहे है, अलाइंस एयर सरकारी कंपनी है जिसे बिना टेंडर के डायरेक्ट नेगोशिएशन कर सब्सिडी दी जा रही है। लेकिन एयरलाइंस कंपनी यात्रियों को सेवा देने में असमर्थ साबित हो चुकी है। बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर से फ्लाइट बंद होना इसका सीधा उदाहरण है। एयरलाइन के पास 72 सीटर एयरक्राप्ट मौजूद है। बिलासपुर सहित अन्य एयरपोर्ट भी इन्हीं विमानों के साथ ही संचालित किए गए है, लेकिन लाख कोशिशों व मांगों के बाद भी एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। ऐसे में बड़ी



एयरलाइन्स कंपनियां बिलासा एयरपोर्ट पर परिचालन शुरू नहीं कर पा रही है। वहीं अलायंस एयर के पास विमान की कमी है जिससे हवाई सेवा में अवरोध हो चुका है। पिछले कई महीनों से लगातार फ्लाइट कैंसिल कर दी जा रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि नौकरशाही अदूरदर्शी से चल रही है और प्रदेश का राजनीतिक नेतृत्व नौकरशाही पर लगाम लगाने में असफल हो चुका है। मनमाने प्रयोग, गलत टाइमिंग , विमान की अनियमितता के कारण बिलासपुर सहित जगदलपुर और अंबिकापुर से हवाई सेवा ठप हो रही है।

ऐसे लगाया गया हवाई सेवा पर ब्रेक

बताया जा रहा है कि एक समय में प्रयागराज की फ्लाइट सप्ताह में 4 दिन चल रही थी, लेकिन इसे अकारण 2 दिन किया गया और धीरे से इसे बंद कर दिया गया है। कोलकाता के लिए सीधी उड़ान को अनावश्यक डाइवर्ट किया गया और जगदलपुर से बिलासपुर होकर दिल्ली चलने वाली फ्लाइट को जगदलपुर से जबलपुर होकर दिल्ली चलाई गई। अंबिकापुर से रीवा होकर दिल्ली की फ्लाइट चलाने के बजाय बिलासपुर होकर चलाया गया।

हसदेव एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त जनरल कोच की सुविधा

बिलासपुर। रेलवे ने हसदेव में सफर करने वाले सामान्य यात्रियों के लिए एक जनरल कोच की सुविधा अस्थायी रूप से लगाने का आदेश दिया है।

सामान्य कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने गाड़ी संख्या 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त जनरल कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा



रही है। यह सुविधा रायपुर से 11 से 24 अक्टूबर तक एवं कोरबा से 12 से 25 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

खबर संक्षेप

श्रुति फाउंडेशन ने 101 ग्रामीणों को वितरित किए छाते



बिलासपुर। श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कर्रा में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले ग्रामीणों को 101 छाते का वितरण किया गया।साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वरोजगार से जोड़ने, घरेलू उत्पादनों की महत्ता बताई गई। नशामुक्ति और आत्मरक्षा के उपाय भी बताए गए। सरकार की लाभकारी योजनाएं जो उन तक नहीं पहुंच पाती, इसकी भी जानकारी दी गई। संस्था की अध्यक्ष चुन्नी मौर्य ने बताया कि संस्था का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण अंचल के आदिवासियों तक पहुंच कर सेवा करने की कोशिश रहती है, कार्यक्रम को सफल बनाने में सरबजीत कौर, पिंकी गौड़, आरती अनंत, सरिता सोनी, मोना बोड़खे, रीता मौर्य, रचना ताम्रकार, जशमीत कौर, संगीता भदोरिया, प्रिया रॉय, शीला सिंह, रवि यादव, अजय यादव, अर्जुन वस्त्रकर, जयंती पटेल सरपंच, सरस्वती बिंझवार जनपद अध्यक्ष, गौरी यादव का सहयोग रहा।

रानी दुर्गावती कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम



भरींडांड़। समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही में नशामुक्ति जागरूकता, शपथ एवं सामूहिक हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसकी शिक्षा, भविष्य, आर्थिक स्थिति एवं पारिवारिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। सामूहिक हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

भाजपा बेलतरा पूर्वी मंडल की बैठक में आगामी योजनाओं पर चर्चा



लगरा। भारतीय जनता पार्टी बेलतरा पूर्वी मंडल का मंडल स्तरीय कामकाजी बैठक बहतराई स्थित भाजपा जिला ग्रामीण कार्यालय में हुई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलीत कर बैठक की शुरूआत की गई। मंडल प्रभारी राजेन्द्र अग्रहरि ने कहा प्रत्येक माह जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र और बूथस्तर पर बैठक होती है। बैठक में कार्यकारणी की उपस्थिति अनिवार्य है। इसी कड़ी महिला वृद्धाआश्रम में वृद्ध महिलाओ को तोस्ट, बिस्किट बाटे गए। इस अवसर पर डॉ तिलकराम साहू, प्रणव शर्मा ने भी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा नवरात्र पर्व पर सात दिनो तक बेलतरा विधान सभा क्षेत्र में दक्षिण और उत्तर मंडल में ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरिओम पवन कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनंजय त्रिपाटी, ए सुशीला राव, पार्षद रेखा सूर्यवंशी, जय वाधवानी, प्रीतेश सोनी, शिवचरण साहू, रानी साहू, हरप्रसाद धुरी, पार्वती अंनत, रमेश कश्यप, ओमप्रकश शरद खैरवार, रामप्रसाद पटेल, विकास कुर्रे, अरूण रजक, मुखीराम बिरजे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

4 लाख की लागत से बना बालिका शौचालय



मुंगेली। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मान को बढ़ावा देने की दिशा में विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पंचायत सुरदा ने महत्वपूर्ण पहल की है। यहां शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी–जी राम जी) के तहत बालिका शौचालय का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। विद्यालय में दर्ज कुल 41 विद्यार्थियों में 18 छात्राएं हैं, जिन्हें इस सुविधा का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। शौचालय निर्माण से छात्राओं की दैनिक असुविधा दूर करने और विद्यालय में उनके लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। वीबी–जी राम जी योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला परिसर सुरदा में बालिका शौचालय 4 लाख 30 हजार रूपए की लागत पूरा किया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और स्वच्छता जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

देवी मंदिरों में लगेगी श्रद्धालुओं की भीड़, पंडालों में विराजेंगी मां दुर्गा

शुभ मुहूर्त में प्रज्वलित किए जाएंगे मनोकामना ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



अंचल में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। देवी मंदिरों मे रंगाई–पुताई का कार्य पूर्ण कर सजावट की जा रही है। आज शुभ मुहुर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएगे।

क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो में नवरात्रि में भक्तिमय माहौल मे श्रद्धा आस्था नजर आएगी। नगर के मध्य में विराजित मां महामाया मंदिर में नवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की विशेष भीड़ रहती हैं। प्राचीन मूर्ति एवं मान्यता के चलते पूरे वर्ष भर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती हैं। नवरात्रि में विविध रूपों में मां के भक्त मां की पूजा–अर्चना करते हैं। ज्योति कलश प्रज्वलित करवाने के लिए श्रद्धालु भक्तजन विभिन्न देवी मंदिरों में संपर्क कर ज्योति कलश प्रज्वलित करा रहे हैं। देवी मंदिरो में दुर्गा सप्तशती का निरंतर पाठ भी किया जाता है तथा ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती है। मंदिर में पूरे विधि विधान से देवी के नौ स्वरूपों की पूजा–अर्चना की जाती हैं। मान्यता है इन नौ दिनों तक देवी के विभिन्न रूपों की आराधना स्मरण का नियम और समयपूर्वक पालन किया जाए तो इससे न सिर्फ इच्छित फल की प्राप्ति होती है अपितु जीवन में आने वाले संकट से भी मुक्ति मिलती है। ज्योति कलश जलवाने वाले महामाया मंदिर दाऊपारा, सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर, खरींपारा स्थित काली मंदिर, पानी टंकी स्थित मां अंगार मोती माता मंदिर एवं पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, करही स्थित दुर्गा मंदिर, हथनी कला दुर्गा मंदिर, ग्राम रामगढ स्थित महामाया मंदिर, ग्राम निरजाम में महामाया मंदिर, सेतगंगा में सिद्धेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित कियें जायेंगें। मंदिरों में भक्त अपनी मनोकामना के लिए ज्वारा व ज्योति के लिए राशियां एवं अपना नाम दर्ज करवा रहे है। मंदिरों के व्यवस्थापक एवं पुजारी नवरात्रि की व्यवस्था में जुटे हुए है। ग्राम नुनियाकछार में बगदाई प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्वलित किये जा रहे है। ग्राम कोदवाबानी में महामाया मंदिर पेंड्रीडीह एवं मां शैलपुत्री महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्रि में बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की तैयारियां कर ली गई है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रे से हजारो की संख्या में दर्शनार्थी दुर्गा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन के लिये पहुंचते है। पंडाल के आस–पास मेला लगा रहता है। मल्हापारा, शंकर मंदिर, पटवा पारा, बालानी चौक, मलाईघाट, पड़ाव चौक में पंडाल तैयार की जा रही है। महामाया मंदिर के पास सोनारपारा पुत्रीशाला के पास, दाऊपारा, रामगढ सहित ग्रामीण क्षेत्रे में भी जोर–शोर से दुर्गा उत्सव की तैयारियां की गई है। शहर में लगभग 50 स्थानो पर दुर्गा उत्सव का तैयारियां की गई है।

रानी मंदिर आश्रम काली कुटी में शारदीय नवरात्रि अनुष्ठान 11 से, तैयारियां पूरी



बिलासपुर। पौराणिक नगरी जूना शहर रतनपुर कोटा मार्ग स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ शिवशक्ति रानी मंदिर काली कुटी में इस वर्ष शारदीय नवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन 11 अक्टूबर रविवार से 20 अक्टूबर मंगलवार तक विधि- विधान से किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर प्रबंधन एवं आयोजको द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मनोकामना ज्योतिकलश भी प्रज्ज्वलित किए जा रहे है, जिसमें घृत ज्योतिकलश के लिए 4 हजार एक सौ रूपए, ज्योति तेल के लिए 1 हजार पाच सौ रूपए एवं कन्या पूजन 2 हजार एक सौ रूपए निर्धारित है। मुख्य संरक्षक एस.एस.डी बड़गैया तथा राकेश निर्मलकर ने श्रद्धालुओं को सपरिवार पधारकर अनुष्ठान एवं देवीदर्शन का लाभ लेने की अपील की है।

पथरिया में नदी और एनीकट में प्रतिमा विसर्जन पर प्रतिबंध



पथरिया। नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को नगर पंचायत पथरिया के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी पवन कुमार देवगन की उपस्थिति में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों, समिति के अध्यक्ष एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर के चिन्हित तालाबों लछनपुर बांधा, घोरमार एवं मांझली तालाब को निर्धारित किया गया। वहीं, नदी और एनीकट में प्रतिमा विसर्जन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। विसर्जन के दौरान शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही साउंड बॉक्स का उपयोग करने की बात कही गई। साथ ही नवरात्रि पर्व के दौरान विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारी पवन कुमार देवगन ने सभी से नवरात्रि पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्धारित नियमों का पालन करने की बात कही। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, सभापति मेलाराम डडसेना, सभापति इंद्रजीत यादव, धर्मेंद्र श्रीवास, छोटू पाली, राजेंद्र निर्मलकर, रवि निर्मलकर, निक्कू यादव, मोंटू जायसवाल, दादू जायसवाल, रिंकू यादव, पेंटर मानिकपुरी, मिलाप जायसवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

आज गिरजाबंध हनुमान मंदिर से निकलेगी ध्वजा यात्रा



■ सुशांत के नेतृत्व में होगा धार्मिक यात्रा का शुभारंभ

बिलासपुर। शारदीय नवरात्रि पर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 11 अक्टूबर से धार्मिक ध्वजा यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित यह यात्रा श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक बनेगी। यात्रा को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों में विशेष उत्साह का वातावरण है।

ध्वजा यात्रा का शुभारंभ रतनपुर स्थित गिरजाबंध हनुमान मंदिर से होगा। प्रथम दिवस यात्रा ग्राम नवागांव से होते हुए रतनपुर रेस्ट हाउस, ओछीनापारा चौक, खैरखुंडी, सरवनदेवरी, लखराम, अकलतरी, गड़वट एवं बाम्हू सहित विभिन्न मार्गों से आगे बढ़ेगी। प्रथम दिवस की यात्रा टेकर में रात्रि विश्राम के साथ संपन्न होगी। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की लगभग 48 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरने वाली यह ध्वजा यात्रा धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का संदेश जन-जन तक पहुँचाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धापूर्वक ध्वजा अर्पित करते हुए माँ महामाया एवं श्री गिरजाबंध हनुमान जी से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की जाएगी। यात्रा का समापन माँ महामाया मंदिर, रतनपुर में पवित्र ध्वजा अर्पण के साथ होगा। बेलतरा विधायक श्री शुक्ला ने कहा, "शारदीय नवरात्रि हम सभी के लिए माँ शक्ति की आराधना, श्रद्धा और भक्ति का परम पावन पर्व है। माँ महामाया एवं श्री गिरजाबंध हनुमान जी की असीम कृपा और आशीर्वाद से बेलतरा विधानसभा के प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति एवं खुशहाली बनी रहे, इसी मंगलकामना के साथ विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भव्य धार्मिक ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह ध्वजा यात्रा पूर्णतः धार्मिक एवं आस्था से जुड़ा आयोजन है। यह हमारे आराध्य के प्रति अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण की अभिव्यक्ति है। महामाया और श्री गिरजाबंध हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर हम अपने परिवार, समाज और समस्त क्षेत्रवासियों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना करेंगे। मैं बेलतरा विधानसभा के अपने समस्त परिवारजनों से हृदय की गहराइयों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर अपने परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित ध्वजा यात्रा में सहभागी बनें। आइए, हम सभी मिलकर भक्ति और श्रद्धा की इस पवित्र धारा के साक्षी बनें, अपने आराध्य के प्रति अपनी आस्था अर्पित करें और माँ महामाया एवं श्री गिरजाबंध हनुमान जी से सभी के जीवन में सुख, शांति, सद्भाव और समृद्धि बनाए रखने का आशीर्वाद मांगें।

आतिशबाजी के साथ माता दुर्गा की प्रतिमाओं का स्वागत



लोरमी। नवरात्रों से 1 दिन पूर्व नगर के विभिन्न स्थलों के पंडालों में विराजमान से पूर्व माता दुर्गा की प्रतिमा के आगमन पर भव्य आतिशबाजी के साथ एलईडी लाइट से सुसज्जित भक्तिमय वातावरण में घण्टो सड़क पर खड़े होकर श्रद्धालुओ ने दर्शन लाभ लिए। 11 अक्टूबर को पूरे देश में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा लोरमी नगर के विभिन्न मोहल्ले में पर परंपरागत तरीके से माता की प्रतिमा विधिवत स्थापित कर 9 दिनों तक विभिन्न रूपों की माता का अनुष्ठान एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ नवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा। ज्ञात हो कि देवी देवताओं के स्थापना से पूर्व उनके स्वागत सत्कार में जो भव्यता दिखाई दे रही है न सिर्फ आस्था उमड़ रहा है बल्कि भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं के उत्साह का समागम भी हो रहा है। शनिवार शुक्रवार की रात ब्राह्मण पारा मोहल्ले की दुर्गा प्रतिमा आने पर समिति के लोगो ने एलइडी लाइट आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

भक्ति एवं शक्ति की बयार, मां दुर्गा के स्वागत में सजे देवी मंदिर



सीपत। शारदीय नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही सीपत क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना और भक्ति का उल्लास छाने लगा है। आज से शुरू हो रहे नौ दिवसीय नवरात्र पर्व को लेकर क्षेत्र के देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में तैयारियां की गई हैं। देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे, वहीं कई स्थानों पर जंवारा स्थापना के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना होगी। मां अम्बे के स्वागत के लिए गांव गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। नवरात्र को लेकर सीपत सहित आसपास के गांवों में दुर्गा पंडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा, रंग बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के आगमन पर श्रद्धालुओं ने बैंड बाजे, ढोल ताशे और जयकारों के साथ स्वागत किया। माता के जयकारों से गांवों की गलियां और चौक चौराहे भक्तिमय नजर आने लगे हैं। नवरात्र के नौ दिनों तक सुबह शाम पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहेगा। सीपत क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। सीपत के मातेश्वरी मंदिर, जांजी स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, सिद्धेश्वरी मंदिर, सेमरिया बाबा, उच्चभट्ठी की मां शिवशक्ति दाई, सोंठी की मां मन्नदाई, धनिया स्थित मनकेश्वरी मंदिर, मटियारी की चौसठ योगिनी और नरगोड़ा की चंडीदाई सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भक्त मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

हांफा नृसिंह नाथ मंदिर में जलेंगे ज्योति कलश



सकरी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर सकरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाँफा स्थित प्रसिद्ध और जाग्रत आध्यात्मिक केंद्र 'सिद्ध बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह नाथ मंदिर' में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। क्षेत्र के लाखों श्रद्धालुओं की अगाध आस्था के प्रतीक इस ऐतिहासिक मंदिर में इस वर्ष भी नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धा और भक्ति की ज्योति लौ जगाई जाएगी। मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित धनेश उपाध्याय ने बताया कि यह पर्व माता का है इसलिए मंदिर में माता रानी की मूर्ति स्थापित कर पूरे विधि विधान से नौ दिनों तक नवरात्रि पर्व मनाया जाता है एवं सिद्ध बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह नाथ जी के दरबार में आकर मत्था टेकने वाले हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है। नवरात्रि के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घटस्थापना की जाएगी और तेल व घृत (घी) 2051 एवं तेल ज्योति कलश 901 रुपए मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित पंजीयन शुल्क है।

उपराष्ट्रपति से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल



बिलासपुर। नई दिल्ली में नवीन विधानसभा भवन के अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रदेश के भाजपा नेताओं ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य भेंट की। भ्रमण दल के सदस्यों ने नवीन विधानसभा भवन की आवश्यकताओं, व्यवस्थाओं एवं भावी स्वरूप को लेकर अध्ययन भ्रमण के अनुभवों के संदर्भ में चर्चा की। इस अवसर पर समिति के सदस्य विधायक अजय चंद्राकर, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, भावना बोहरा एवं राघवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

शिशु मंदिर बैतलपुर में प्रांतीय विज्ञान एवं वैदिक गणित मेले का समापन



सरगांव। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, चन्द्रखुरी (बैतलपुर) में प्राचीन वैदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के अद्भुत समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रांतीय विज्ञान एवं वैदिक गणित मेला दिनांक 8-9 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणितीय कौशल, भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति रुचि तथा रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना था। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांत के 16 जिलों के 40 विद्यालयों से आए 190 प्रतिभागी भाई-बहनों, 40 संरक्षक आचार्यों/दीदियों एवं स्थानीय विद्यालय के 50 व्यवस्थापकों सहित कुल 300 लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं का विवरण एवं सारांशइस प्रांतीय मेले में विज्ञान और वैदिक गणित के अंतर्गत शिशु, बाल और किशोर वर्गों में कुल 52 विधाओं पर प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के प्रांतीय सचिव पुरंदर कश्यप उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष भोजराम वर्मा ने की तथा मुख्य वक्ता प्रांतीय प्रमुख संतोष निषाद रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रांतीय सह-सचिव रामपाल सिंह, पथरिया विद्यालय के व्यवस्थापक निश्चल गुप्ता, सरपंच रामदयाल मंडन तथा बैतलपुर विद्यालय के व्यवस्थापक मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे।

मसनी मंदिर में देवी भागवत आज से



तखतपुर। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का आयोजन मसनी मंदिर में 11 से 19 अक्टूबर तक किया गया है। जिसमें कथा वाचक लक्ष्मी देवी साहू, परायणकर्ता योगेश साहू, मुख्य यजमान चमेली भागीरथी साहू है। तैयारी में परमेश्वरी कश्यप, नरेंद्र ध्रुव, तोताराम साहू, चंदूराम, मनोज, पिल्लूराम, नोहर कश्यप, अशोक साहू सहित अन्य जुटे हुए हैं।

आम सूचना

मैं एस.के. सिंह अधिवक्ता अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार एवं प्रदत्त निर्देश पर निम्नलिखित आशय का आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूं। मेरे पक्षकार ने श्रीमती नम्रता अग्रवाल पति श्री निर्मल अग्रवाल निवासी-मकान नंबर-एच/एन/31 नंदन विहार, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मंगला, प.ह.नं.-35 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग), जिसका खसरा नंबर-1620/28 कुल रकबा 0.0120 हेक्टेयर (1299 वर्गफुट)/120.724 वर्गमीटर को मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु पक्का सौदा कर लिया है। उपरोक्त इकरारशुदा भूमि पंजीयन दिनांक 31/10/2026 के पूर्व होना है।

अतः उपरोक्त इकरारशुदा भूमि से संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर नीचे दर्शित मेरे कार्यालयीन पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उपरोक्त इकरारशुदा भूमि का पंजीयन मेरा पक्षकार अपने पक्ष में करा लेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक-10/10/2026

भवदीय
एस.के. सिंह
(अधिवक्ता)
गंगा नगर, सेक्टर-1, मंगला रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ली निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों की बैठक



मुंगेली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीकेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय में जिले के समस्त निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नसिंर्ग होम एक्ट एवं लाइसेंस संबंधी नियमों के पालन सहित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तथा प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार निःशुल्क कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने तथा योजना के निर्धारित पैकेज के अनुसार दवा, भोजन एवं जांच की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, योजना के अंतर्गत शामिल सेवाओं के लिए हितग्राहियों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लेने एवं शासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत सभी निजी अस्पतालों का हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री में पंजीयन, डॉक्टरों, नर्सो एवं फार्मासिस्टों का हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री में पंजीयन तथा अस्पतालों में एबीडीएम की सेवाओं को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सड़क दुर्घटना में घायल पात्र मरीजों को प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रावधानों के अनुसार समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा नसिंर्ग होम एक्ट एवं लाइसेंस संबंधी सभी लागू नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी निजी अस्पतालों को निर्देशित किया कि वे शासन के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में नसिंर्ग होम एक्ट नोडल अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार, जिला कार्यक्रम समन्वयक विनय मिश्रा तथा जिला समन्वयक धनराज चंद्राकर सहित जिले के विभिन्न निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

आनलाइन गेम में सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने आनलाइन गेम में सट्टा खिलाने वाले सटोरिया को गिरफ्तार लिया है।



उनके पास से 1 हजार रुपए नकद, मोबाइल व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले दो खाईवालों के खिलाफ भी जुर्म दर्ज किया है। दोनों खाईवाल पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली कि मंगला आजाद चौक पटवारी तालाब राधा कृष्ण मंदिर के पास एक चबूतरे पर बैठकर सटोरिया मोबाइल में आनलाइन गेम में सट्टा खिला रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते मिनोचा कालोनी बाजपेयी कैसल निवासी दीपक इदनानी पिता राजू इदनानी 28 साल को पकड़ लिया। उसके पास से एक हजार रुपए नकद, मोबाइल व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पूछताछ में उसने बिल्हा निवासी प्रकाश जसवानी व नागपुर महाराष्ट्र निवासी धीरू आडवानी के लिए कमीशन में सट्टा खिलाना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने तीनों सटोरियों के खिलाफ 7, 1 छ.ग. जुआ एक्ट 112 के तहत जुर्म दर्ज कर सटोरिया दीपक इदनानी को गिरफ्तार कर लिया है।



भारी पड़ सकती है ऐसी लापरवाही

बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र के जबड़ापारा इलाके में ट्रांसफार्मर व जक्शन बाक्स नाली पर लगाया गया है। वर्तमान में नाली जाम होने के कारण गंदा पानी मोहल्ले में भर रहा है और सड़कों तक आ चुका है, ऐसे में नाली में डूबे खंब और ट्रांसफार्मर से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। सबसे ज्यादा खतरा आसपास के बच्चे और मवेशियों को है। यह हर आने व जाने वालों को दिखाई भी दे रहा है, लेकिन बिजली अधिकारियों तक इसकी सूचना नहीं पहुंच पाई है।

डामर की सड़कों पर कांक्रीट का पेचवर्क

बिलासपुर। डामर की सप्लाई में लगातार कमी को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा डामर की जर्जर सड़कों पर अब कांक्रीट का पेचवर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। जो सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, उनमें जर्जर वाले हिस्से में गहरा गड्ढा खोद कर कांक्रीटीकरण कर पेंचवर्क किया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। शहर के भीतर कुदुदंड से मंगला चौक के बीच वाली सड़क के जर्जर हिस्से में कांक्रीटीकरण की तैयारी की जा रही है।

■ जर्जर हो चुकी सड़कों को मिलेगा अस्थायी समाधान

एक ही सड़क में दो तरह के मटैरियल का नया प्रयोग किया जा रहा है। अब तक सड़कें या तो पूरी तरह कांक्रीट की बनाई जाती थीं, या फिर डामर रोड बनाई जाती थीं। यह पहला अवसर होगा जब डामर की सड़क के जर्जर होने के कारण उसका पेचवर्क डामर से करने के बजाए कांक्रीट से किया जाएगा। शासन द्वारा इस तरह के निर्देश पूरे प्रदेश के लिए जारी किए गए हैं। इसके पीछे अंतर्राष्ट्रीय स्तर से डामर की सप्लाई बाधित होने के कारण हुआ है। शहर में नेहरू चौक से कुदुदंड होते हुए मंगला चौक तक जाने वाली सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है, जिसके निर्माण में भी देर है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग कुदुदंड की डामर सड़क पर कांक्रीट का पेंचवर्क कर इस प्रयोग को आजमा सकता है।

सारी सड़कें निर्माणाधीन यहां लागू नहीं होगा

विभाग के अनुसार शहर के भीतर की लगभग सारी सड़कें नए निर्माण के लिए स्वीकृत हैं। इन सड़कों का या तो निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है, या फिर दो-चार दिनों में निर्माण प्रारंभ होने ही वाला है। ऐसी स्थिति में इन डामर सड़कों पर कांक्रीट के पेचवर्क जैसा प्रयोग नहीं किया जाएगा। इनका सीधे नया निर्माण ही प्रारंभ किया जाना है।

डामर की उपलब्धता कम है

डामर की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के मद्देनजर डामर की जर्जर सड़कों पर कांक्रीट का पेंचवर्क करने संबंधी शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह निर्देश न केवल बिलासपुर जिले के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए हैं। हालांकि शहर के भीतर की सारी सड़कें नए निर्माण हेतु स्वीकृत हैं, जिससे इनका कांक्रीट से पेचवर्क करने की बजाए सीधे नया निर्माण ही किया जाएगा। बारिश अब समाप्त हो चुकी है, जिससे लगभग सारी सड़कों का निर्माण अब प्रारंभ हो जाएगा।

-आदित्य ग्रोवर, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

नगद रखकर भी डामर के लिए भटक रहे ठेकेदार

लोक निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार डामर की उपलब्धता को लेकर इन दिनों खासी परेशानी चल रही है। एक तो डामर की कीमत पहले की तुलना में बढ़ गई है, इसके बाद भी हालत यह है कि ठेकेदार बढ़ी हुई कीमतों में भी डामर लेने के लिए हाथ में पैसे रखकर तैयार हैं, इसके बाद भी उन्हें आवश्यकतानुसार डामर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

महिला आरक्षक को चकमा देकर अस्पताल से नाबालिग भागी

बिलासपुर। महिला आरक्षक को चकमा देकर जिला अस्पताल से नाबालिग भाग गई। पुलिस ने फरार नाबालिग के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी क्षेत्र से एक नाबालिग घर छोड़कर भाग गई थी। जांच के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से नाबालिग को बरामद किया। 10 अक्टूबर को सिरगिट्टी थाना से महिला आरक्षक नाबालिग का मेडिकल टेस्ट कराने के लिए जिला अस्पताल आई थी। जिला अस्पताल में एक्सरा कराने महिला आरक्षक नाबालिग को पैसा निकालने के लिए एटीएम लेकर गई। पैसा निकालने के दौरान नाबालिग महिला आरक्षक को चकमा देकर मामले की डयरी लेकर भाग गई और उन्हें भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद महिला आरक्षक एटीएम में गई तो नाबालिग रफूचक्कर हो गई थी। उसे आसपास क्षेत्र में खोजा गया किन्तु नाबालिग नहीं मिली। महिला आरक्षक ने घटना की रिपोर्ट तारबाहर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर नाबालिग के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

झांसा देकर 60 हजार की आनलाइन ठगी

बिलासपुर। कूपन में कार जीतने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 60 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा क्षेत्र में रहने वाले श्रीराम सिहासन को अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोन कर उन्हें आयुर्वेदिक दवा खाते हो कहकर पूछा गया। उन्होंने हां कहा तो उन्हें बताया गया कि एक कूपन में उन्हें स्विफ्ट कार व 8 लाख 60 हजार रुपए का ईनाम मिला है। उसे लेने के लिए आधारकार्ड मांगा गया। लालच में आकर उन्होंने अपना आधारकार्ड भेज दिया। उसके बाद उनके बैंक खाते से 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर ठगी कर ली गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सेनानी परिवार का राष्ट्रीय सम्मेलन 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन 26 अक्टूबर को अमरकंटक स्थित यंत्र महामेरु शक्ति पीठ सोनमुड़ा रोड में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सपन्न होगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि सुबह 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज वंदन सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतिनिधियों का पंजीयन उपरांत 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक राष्ट्रीय सम्मेलन, प्रस्ताव, प्रबोधन विचार मंथन होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी का अंतिम प्रबोधन के उपरांत सभी सेनानी परिवार का एक साथ भोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेनानी परिवार के स्वामी शरदपुरी महाराज महंत, अध्यक्ष श्रीयंत्र महामेरु शक्ति पीठ अमरकंटक धाम, राष्ट्रीय अध्यक्ष सेनानी देशबंधु, कार्यकारी अध्यक्ष दिवजेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि गणेश शंकर मिश्रा केंद्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त उपाध्यक्ष नीति आयोग छग शासन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी व अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी रहेंगें।



■ अमरकंटक स्थित यंत्र महामेरु शक्ति पीठ सोनमुड़ा रोड पर राष्ट्रीय सम्मेलन



दुकान का शेड काटकर चोरी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। दुकान का शेड काटकर चोरों ने नकद रकम, टैब, सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मंगला मिनोचा कालोनी निवासी जय सचदेव तेलीपारा में किड्स की दुकान चलाते हैं। 8 अक्टूबर की रात वे दुकान बंद कर घर आ गए थे। दूसरे दिन सुबह उन्होंने दुकान खोला तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और छत का शेड कटा हुआ था। गल्ले में रखा 24 हजार 500 रुपए नकद, टैब, सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क की चोरी हो गई थी।

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

कलेक्टर के निर्देश पर हुई जांच में दुर्व्यवहार और गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि

मल्हार स्कूल के प्राचार्य सहित 3 शिक्षक हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार में छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार और विद्यालय की व्यवस्थाओं में अनियमितताओं की शिकायत पर प्राचार्य सहित तीन शिक्षकों को विद्यालय से हटा दिया गया है।

- शिक्षकों पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने, धमकाने और बच्चों के साथ गलत व्यवहार करने आरोप

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए थे। जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्राचार्य वेद प्रकाश शुक्ला, व्याख्याता श्रीमती रश्मि गुप्ता और व्याख्याता संजय दुबे को अन्य विद्यालयों में कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि यह आदेश राज्य शासन से स्थानांतरण आदेश जारी होने की प्रत्याशा में जारी किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा अन्य संस्था में पदस्थापना किए जाने के बाद ये आदेश स्वतः निरस्त माने जाएंगे। दरअसल विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार तथा शैक्षणिक वातावरण से संबंधित शिकायतें जनप्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त हुई थीं। इसके अलावा 1 अक्टूबर को विद्यालय की छात्राओं ने कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायत रखकर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतों की जांच के लिए 30 सितंबर को तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। दल ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों के बयान लेकर 7 अक्टूबर को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

प्राचार्य से संबंधित जांच निष्कर्षों में विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार, छात्राओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने में अनियमितता, शाला शुल्क के नाम पर प्रति विद्यार्थी 500 रुपए अतिरिक्त राशि की वसूली तथा शैक्षणिक दायित्वों के निर्वहन में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई।

कापियों का मूल्यांकन भृत्य से, विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार

इसके साथ ही व्याख्याता श्रीमती रश्मि गुप्ता से संबंधित जांच में विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार, उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन और अध्यापन कार्य भृत्य से कराने तथा शैक्षणिक दायित्वों के निर्वहन में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसी तरह व्याख्याता संजय दुबे के संबंध में भी विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार और गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई। जांच दल ने विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए संबंधितों को अन्य संस्थाओं में स्थानांतरित करने की अनुशंसा की थी। कलेक्टर के अनुमोदन से जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर प्राचार्य वेद प्रकाश शुक्ला को मस्तूरी विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल कुकुर्दीकेरा, व्याख्याता श्रीमती रश्मि गुप्ता को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी और व्याख्याता संजय दुबे को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखर में कार्य करने के लिए निर्देशित किया है।

सालों से समस्याएं, डर से नहीं उठा रहे थे आवाज

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह मल्हार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थी बड़ी संख्या में अपनी अलग-अलग समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। इनके मुताबिक स्कूल में लंबे समय से कई तरह की समस्याएं बनी हुई हैं लेकिन डर की वजह से वे अपनी आवाज नहीं उठा पा रहे थे। विद्यार्थियों ने स्कूल के प्राचार्य और कुछ शिक्षकों पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने, गाली-गलौज करने, धमकाने और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करने जैसे आरोप लगाए। छात्रों का कहना था कि कई बार सामान्य जरूरत के लिए वॉशरूम जाने पर भी बच्चों को कथित तौर पर गाली देकर बात की जाती है। छात्र-छात्राओं ने स्कूल में ली जा रही फीस को लेकर भी सवाल खड़े किए। विद्यार्थियों ने कहा कि निर्धारित राशि से अधिक रकम ली गई और उन्हें जो रसीद दी गई, उसमें प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं हैं। विद्यार्थियों ने स्कूल में पंखे खराब होने के साथ ही शौचालय बंद होने की शिकायत भी की।

रेलवे क्षेत्र में रामलीला का मंचन आज से

बिलासपुर। हिंदुस्तानी सेवा समाज रेलवे परिक्षेत्र बिलासपुर की ओर से मर्यादा पुरुषोत्तम रामलीला का भव्य मंच 11 से 20 अक्टूबर तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक रामलीला भवन तोरवा थाना के पास रेलवे परिक्षेत्र में होगा, जिसमें मण्डलाधीश श्यामबाबू प्रजापति भोला के अलावा जय महाकाली नाट्य कला मंच कानपुर उत्तरप्रदेश की टीम रामलीला का मंचन करेगी।

ओम हॉस्पिटल
मस्तिष्क (न्यूरो) विभाग
• सिर की चोट (हेड इंजरी)
• स्पोंडिलाइटिस
• ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
• स्पाइन एवं ब्रेन सर्जरी
• स्पाइन ट्यूमर
• स्लिप डिस्क, साइटिका
• लकवा, मिर्गी
• सिर का बडा होना और सिर में पानी भरना (Hydrocephalus)
महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड,तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

लगातार पेट दर्द गांठ या सूजन को नजरअंदाज न करें।
समय पर विशेषज्ञ से मिलें।
देर न करें
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

मारपीट होने के बाद नशे में युवक घर जाकर सो गया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मारपीट होने के बाद नशे में युवक घर जाकर परिजन को सीने में दर्द होने की बात कहकर सो गया। काफी देर तक नहीं उठने पर परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घुरू अमेरी निवासी रामनारायण सूर्यवंशी ने बताया, उसका छोटा भाई सत्यनारायण सूर्यवंशी 35 साल शुक्रवार को दोपहर 2 बजे मंगला शांतीनगर के पास एक चाय ठेला में आया था। गुटखा खरीदने को लेकर उसका चाय ठेला वाले से विवाद हो गया। इस पर चाय ठेलावाले ने उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर दी। उसके बाद वह पैदल अपने घर गया और परिजन को मारपीट होने व सीने में दर्द होने बात कहकर सो गया। काफी समय बाद भी वह नहीं उठा तो परिजन ने उसे उठाने की कोशिश की। कोई हलचल नहीं होने पर परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

मारपीट होने का आरोप

परिजन के द्वारा शुक्रवार को चाय ठेलावाले से विवाद होने पर मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है। जांच के बाद सत्यता सामने आ पाएगी। उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृतक चाय ठेलावाले के साथ बैठकर शराब पी रहा था। मामले की जांच की जा रही है।

-किशोर केंवट
सिविल लाइन टीआई

लापता हुई महिला अमृतसर में मिली

बिलासपुर। बच्चे को ट्यूशन छोड़ने के बाद लापता हुई महिला पंजाब अमृतसर में मिल गई है। पुलिस महिला को लेकर शहर आ रही है।

ज्ञात हो कि 2 अक्टूबर को मोपका शिवम वाटिका कालोनी निवासी हिमांशु कुर्रे पति हरीश कुर्रे 32 साल शाम 5 बजे बच्चे को ट्यूशन छोड़ने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थीं। 3 अक्टूबर को पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा 140 के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी में जुट गई थी। इसी दौरान महिला ने एक अज्ञात मोबाइल नम्बर से घरवालों को फोन कर पंजाब अमृतसर में होने की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस टीम पंजाब अमृतसर में महिला को सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस महिला को लेकर शहर के लिए रवाना हो गई है।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंर्तगत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570
Deepak Ad./119/1

RAAS DANDIYA RAAS DANDIYA RAAS DANDIYA RAAS DANDIYA
BHATIA BUILDCON
PRESENTS
RAAS DANDIYA
GARBA - FOOD - ENTERTAINMENT
ORGANISED BY : WINGS OF PB GROUP
FAME OF BIGG BOSS
TINAA DATTAA
Bollywood Actress
URMILA MATONDKAR
GLIMPSES OF RAAS DANDIYA
14 OCTOBER
15 OCTOBER
16 OCTOBER
A FAMILY EVENT
10 YEARS OF TRUST
2018 MUNMUN DATTA
2019 SHILPA SHINDE
2019 CLOUDIA CIESLA
2022 SHEFALI JARIWALA
2022 SAPNA CHOUDHARY
2022 SHWETA TIWARI
2023 KAINAT ARORA
2023 SHUBHANGI ATRE
2023 CHITRANGADA SINGH
2024 MANNARA CHOPRA
2024 BHAGYASHREE
2025 NEHA DHUPIA
POWERED BY: Shri Ram Jewellers, Medico Surgicals
CO-POWERED BY: ACE Builders & Developers
FOOD PARTNER: Saraiya Achanakmaar Forest Resort
SPONSORED BY: YASH Construction, Unity Hospital, Archipedia
FITNESS PARTNER: Being Strong Fitness & Club
CO-SPONSORED BY: Vaibhav Greens, KMS, Shrinesh S, Comix, C Bhagat Tarachand
CO-POWERED BY: Foundation Cricket Academy
HOSPITALITY PARTNER: Hotel Shyama
SUPPORTED BY: Casa Blanc, Amigos, Eatopia
BEVERAGE PARTNER: O2 Drops
PHOTOGRAPHY BY: The Blooming Lens
MEDIA PARTNER: YDM Young Digital Media
TICKETING PARTNER: eventloops.in
VENUE : FOUNDATION CRICKET ACADEMY, RING ROAD NO-2, GAURAV PATH, MAHARANA PRATAP CHOWK, BILASPUR (C.G) | CALL FOR QUERIES : +91 9893165000, +91 9638765000